वर्ष-3, अंक-38
इन्दौर सोमवार
28 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।

चाणक्य
-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# दर्दनाक सड़क हादसा, 12 की मौत

## बाईक से टक्कर के बाद कार कुएं में जा गिरी, बचाने गया युवक की भी मौत





नीमच। मंदसौर जिले के नारायण गढ़ थाना क्षेत्र के काचरिया चौपाटी पर सड़क किनारे एक खेत के बिना मुंडेर वाले कुएं में कार गिर गई। कार में सवार 12 लोगों में से 10 की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुएं में गिरने से पहले कार और एक बाईक की भिड़ंत हुई थी। भिड़ंत से चपेट में आए बुजुर्ग की मौत हो गई। कार के कुएं में गिरने से इसमें सवार 7 लोगों की भी मौत हो गई। कुएं में गिरे लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरे एक युवक की भी गेस रिसाव के कारण मौत हो गई। इस तरह दुर्घटना में 9 लोग काल के ग्रास बन गए। मल्हारगढ़ पुलिस द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू जारी किया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। मौके पर कार व हताहतों को कुएं से निकालने के लिए बड़ी क्रेन मशीन मंगवाई गई है जिससे कार को कुएं से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। रेस्क्यू के दौरान एक युवक मनोहर सिंह कुएं में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए कुएं में उतरा था।

लेकिन गैस की चपेट में आने के कारण उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन में सवार लोग रतलाम जिले के ताल रोड के जोगी पिपलिया के बताए जा रहे हैं. कार ने जिस बाइक सवार को टक्कर मारी थी वो शख्स नाहरगढ आबाखेडी निवासी गोबर सिंह वाहन की टक्कर से बुरी टक्कर से बुरी तरह घायल हो गए थे उनकी भी मौत की जानकारी प्राप्त हुई है। घटना में एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चे को बचा लिया गया है। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

### मौके पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पूरे समय मौके पर ही रहे। कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी, एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी भी मौके पर मौजूद रहे हैं। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने बताया कि इस हादसे में कुल 16 लोग शामिल थे, जिनमें दो बच्चे भी थे। पहले बच्चों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। गाड़ी बड़ी मुश्किल से बाहर लाई गई है। कुएं में जहरीली गैस के कारण, बचाने गए मनोहर सिंह की भी मौत हुई है। उन्होंने 2-3 लोगों को बाहर निकाला था।



# राजस्थान-यूपी सहित 8 राज्यों में हीटवेव अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

मौसम विभाग ने अरुणाचल, सिक्किम समेत पूर्वोत्तर के 8 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत 10 राज्यों में ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम के इस बदलाव से इन राज्यों में पड़ रही तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, यूपी, मध्यप्रदेश, गुजरात में अगले 4 दिन तक हीट वेव और गर्मी का असर कम नहीं होने वाला है। ओडिशा के झारसुगुड़ा और बौध, महाराष्ट्र के परभणी, उत्तर प्रदेश के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, हमीरपुर और गाजीपुर, बिहार के गया, औरंगाबाद और देहरी में पारा 44 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो मौसमी के हिसाब से 3.4 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने अगले दिन बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### पाकिस्तान सीजफायर तोड़ने से नहीं आ रहा बाज

# तीसरे दिन भी हुई गोलीबारी जिसका भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन करते हुए जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। शनिवार देर रात टुटमारी गली और रामपुर सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों से फायरिंग की गई, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। लगातार तीसरे दिन संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 26-27 अप्रैल की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने कई चौकियों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने प्रभावी ढंग से जवाब देते हुए स्थिति को नियंत्रण में रखा। हाल के दिनों में पाकिस्तान द्वारा 24 अप्रैल को भी इसी तरह की फायरिंग की गई थी।

## कनाडा के वैंकूवर में SUV ने भीड़ को रौंदा-9 की मौत

**कनाडा।** कनाडा के वैंकूवर में एक कार ने भीड़ को कुचल दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। वैंकूवर पुलिस ने ङ्ग में पोस्ट कर बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) फिलीपींस कम्युनिटी के त्योहार लापू-लापू के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात श्च-43 एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

### अरब सागर में दिखाई दी भारत की समुद्री ताकत

# नौसेना ने ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का किया सफल परीक्षण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने अपनी युद्ध तैयारी का दमदार प्रदर्शन करते हुए अरब सागर में कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। नौसेना ने अत्याधुनिक ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया, जिसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है। इस परीक्षण के साथ ही भारतीय नौसेना ने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी प्रकार से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए सक्षम है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी सैन्य तैयारियों को और तेज कर दिया है। हमले के 48 घंटे के भीतर भारतीय नौसेना ने अपने विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस सूरत से सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

### गौरव का भी सफल परीक्षण

भारतीय रक्षा क्षमता को और मजबूती देते हुए, इसी महीने भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का भी सफल परीक्षण किया है। 8 से 10 अप्रैल के बीच सुखोई-30 एमकेआई विमान से किए गए ट्रायल्स के दौरान गौरव बम ने लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों पर अत्यधिक सटीक निशाना साधा। इस परियोजना में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने भी भागीदारी निभाई। इन परीक्षणों के जरिए भारत ने न केवल अपने आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है, बल्कि मौजूदा हालात में अपने दुश्मनों को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना — सभी मोर्चों पर पूरी तरह तैयार हैं।

## राष्ट्रवाद का रंगमंच

रात की चादर तले, स्क्रीन पर उठता है शोर,
लाहौर की दीवारें काँपती हैं, ऐसा चलता है ज़ोर।
धमाकों की छवियाँ, सीजीआई की चमक,
हर एंकर बना सेनापति, हर बहस में क्रुद्ध विमर्श।

वीरता बिकती है यहाँ, पैकेज बना दी गई है मौत,
शहीदों के आँसू सूखते हैं, पर टीआरपी पाती है सौगात।
अधजली चिट्ठियाँ, अधूरी पेंशन की फाइलें,
झाँकती हैं पर्दे की ओट से – कब आएगा मेरा हक?

बालाकोट के साये में बनती हैं फ़िल्में,
जहाँ राष्ट्रवाद का संवाद है, पर खामोश हैं आँखें।
'हाउ इज़ द जोश' गूंजता है सिनेमा हॉल में,
पर शहीद की माँ के आँगन में पसरा है सन्नाटा।

प्रश्न पूछने पर लगते हैं तमगे – गद्दार, देशद्रोही,
और उत्तर नहीं, मिलते हैं मीम्स, ट्रोल, मौन की तोहीनें।
सोशल मीडिया पर झंडा लगा, चल पड़ते हैं योद्धा,
मगर युद्धभूमि में अब भी अकेला खड़ा है सच्चा सिपाही।

चुनावी मौसम में उगते हैं 'स्ट्राइक' के फूल,
वोटों की फ़सल काटने को उछाले जाते हैं जुमले अनगिनत।
जो चुप रहे, वह राष्ट्रभक्त; जो बोले, वह शक़ के घेरे में,
सत्ता और मीडिया की यह साठगांठ लिखती है झूठ की गाथाएँ।

कश्मीर की घाटियों में जो बहता है खून,
उसकी कोई स्क्रिप्ट नहीं, कोई रीटेक नहीं,
वह मृत्यु है – निर्वस्त्र, नग्न, अनकही,
जिसे ढकते हैं राष्ट्रवाद के पर्दे।

तो पूछो –
क्या देशभक्ति अब एक 'सीन' है, या संवेदना की पुकार?
क्या हम तालियाँ ही बजाएँगे, या पकड़ेंगे रोते हाथों की दरकार?

वक़्त है अब,
राष्ट्रवाद को थियेटर से उतार
ज़मीन की धूल में ढूँढने का।

– प्रियंका सौरभ




पहलगाम हमले का असर घाटी के टूरिज्म पर पड़ रहा है। डल लेक पर टूरिस्ट की कमी दिखी।

# मुंबई में ईडी दफ्तर वाली इमारत में भीषण आग

### दस्तावेजों के जलने की आशंका



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रविवार तड़के एक बड़ी घटना सामने आई जबकि दक्षिण मुंबई के बेलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में भीषण आग लग गई।

इसी बहुमंजिला इमारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय भी स्थित है, जहां कई प्रमुख राजनेताओं और व्यापारियों के खिलाफ जांच से जुड़े अहम दस्तावेज रखे हुए हैं।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, रात करीब 2-31 बजे करिंभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की दस से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया। आग धीरे-धीरे बढ़कर लेवल-2 श्रेणी की हो गई, जिसे बड़ी आग माना जाता है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग मुख्य रूप से पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक सीमित रही। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# दिल्ली में रह रहे पाकिस्तान के 5000 लोग? IB की लिस्ट से सामने आया चौंकाने वाला आंकड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने के लिए कहा है। इन सब के बीच इंटेलिजेंस ब्यूरो ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की लिस्ट दिल्ली पुलिस को दी है, ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। फोरन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस ने लिस्ट को दिल्ली पुलिस की एक स्पेशल ब्रांच के साथ शेयर किया है और इसे आगे के वेरिफिकेशन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ शेयर किया गया है। समाचार न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, लिस्ट में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं। उनके पाल लॉन्ग टर्म वीजा है और उन्हें छूट दी गई है।



### पाकिस्तान नागरिकों को अपने वतन लौटने को कहा गया

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'लिस्ट को वेरिफिकेशन के लिए संबंधित जिले को सौंप दिया गया है और पाक नागरिकों को अपने वतन लौटने के लिए कहा गया है। सेंट्रल और नॉर्थ ईस्ट जिलों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं।' अधिकारी ने कहा कि मामले पर एक बैठक बुलाई गई थी और दिल्ली पुलिस को मामले पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की सूचना तुरंत पुलिस को दें

दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच और इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों को दिल्ली में रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत छोड़ने के लिए कहने का काम सौंपा गया है। एक अन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास दिल्ली में रहने वाले 3000 और 2000 पाकिस्तानी नागरिकों की दो लिस्ट हैं। कुछ नाम ओवरलैप हैं।

### गृह मंत्रालय ने जारी किया था आदेश

शुक्रवार को MHA ने 27 अप्रैल 2025 से मेडिकल, डिप्लोमैटिक और लॉन्ग-टर्म वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के संबंध में एक आदेश जारी किया। मौजूदा मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल 2025 के बाद अमान्य हो जाएंगे। सरकार ने बाद में स्पष्ट किया कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से दिए गए LTV वैलिड रहेंगे। अनुमान के मुताबिक, करीब 900 लोग मजनू का टीला और 600-700 लोग सिग्नेचर ब्रिज के पास रह रहे हैं।



## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार के सारे दावे हवा हवाई



जम्मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्षों में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। 370 की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में सामान्य हालात बताए जाने के दावे बार-बार किए गए हैं लेकिन कड़वी सच्चाई यह है, कि केंद्र सरकार जब-जब जो-जो दावे करती है वह सब हवा-हवाई साबित होते हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर केंद्र सरकार के दावों की पोल खोल दी है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया था। केंद्र सरकार ने नए जम्मू कश्मीर का सपना दिखाया था। केंद्र सरकार ने वादा किया था, धारा 370 खत्म होने के बाद जम्मू कश्मीर में निवेश की बाढ़ आ जाएगी। बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचों का विकास होगा। हसीन वादियों में देश और दुनिया के पर्यटक बड़ी मात्रा में जम्मू-कश्मीर आएंगे। जम्मू-कश्मीर भारत की मुख्य धारा में शामिल हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है, कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में सड़क राजमार्ग सुरंग तथा रेल सुविधा से जोड़ने के लिए सरकार ने काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर को तीन भागों में विभाजित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। तीन पूर्व मुख्यमंत्री को लंबे समय तक जेल में बंद अथवा नजरबंद करके रखा गया। जम्मू कश्मीर में कई महीने तक स्कूल कॉलेज बंद रहे। बार-बार इंटरनेट बंद होता रहा। इसके बाद भी जम्मू कश्मीर के हालातो में कोई बहुत ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला। धारा 370 हटाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हुए, अलगाववादी संगठनों ने भी चुनाव में भाग लिया। मतदाताओं ने भी चुनाव में खुलकर हिस्सा लिया। उमर अब्दुल्ला निर्वाचित जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। जब राज्य सरकार के पास कोई अधिकार ही नहीं है, ऐसी स्थिति में उन्हें किसी भी काम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। जम्मू कश्मीर की कानून व्यवस्था और प्रशासन पूरी तरह से केंद्र सरकार के प्राधिकारी के रूप में उपराज्यपाल के पास है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का वादा किया था जिसे केंद्र सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है। पिछले कुछ समय से कश्मीर की घाटी में पर्यटन बड़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

## कुटेल गद्दों

बचपन में हमारो एक दोस्त थो उको नाम तो नि लिखूंगा पर उके हम सब कुटेल गद्दों केता था . उकी जिबान इतरी चलती थी के सीदा सादा मनक के भी रिस आई जाती और उकी कुटाई हुई जाती पर उ जूता खाते खाते भी मुंडो बंद नि करतो फिर बोलतो एक बार और मारी के बता फिर हु थारे बताऊंगा के हु कई हु . ऐसे जुता खाई खाई के उको नाम ज कुटेल गद्दों पड़ी गयो थो . कड़वी जबान और बड़बोला पन का कारण हमेशा उ लोग होण से मार खातो ज रेतो थो .नरा लोग उकेजिबाल्डो भी केता था. मतलब अगर उ जिबान कंट्रोल में राखतो तो मार नि खानी पड़ती . ऐसा कुटेल गद्दा हर जगे होवे हे पर अपनेज अपनी इज्जत से रेनो पड़े के किपे हाथ उठानो और किपे नि उठानो . अबे दन भर ऐसा कुटेल गद्दा होण के मरता रो तो अपनों ज दिमाग ख़राब पर जदे अंत की तंत आई जावे तो सो सुनार की ने एक लुवार की करनी ज पड़े नि तो हर कोई एरो गेरो नाथ्हू खेरो अपनी बेइज्जती करता रेगा . आज कल एक पडोसी कुटेल गद्दों देश भी घनो माथे आई रियो हे उकी ओकात कई नि हे पर उ ठेरियो ज कुटेल गद्दों बिना बात के जूता खाने का काम करे पन अपने तो अपनी इज्जत से रेनो हे या सोची के अपन आई के टाल जावो की निति पे चलता रा पन उ थे ठेरियो कुटेल गद्दों . भारत पुरी दुनिया के शांति और सदभाव से रेने की बात करे पण उनका तो खून में ज बदमाशी हे सो वि अपनी तूती बजाता रेवे और टेम बे टेम भारतीय फोज पे पीठ पीछे से वार करता रे ,सामने तो आई नि सके . पर इनी बेवकूफी में भारत अपना जवान खोता जय रियो हे और जनता में असंतोष फेल्तो जय रियो हे . इतहास गवाह हे की जो देश कम्फोर्ट झोन में रेने लगी जावे उपे आक्रान्ता चडाई करी देवे और जनता के सालो गुलामी झेलनी पड़े . कुछ आसिज हालत भारत की हे शांति शांति जित्री करो गा लोग तामारा मजा लेगा . अपनी शक्ति को एहसास भी तभी रेवे हे जब तक उको उपयोग नि करो . टेम टेम पे युद्द जरुरी हे नि तो योद्धा और हथियार दोई के जंग लगी जावे हे और देश की जनता भी सुविधा भोगी हुई जावे हे . एक रणभेरी बजते ज पूरा देश एक हुई जावेगा एक ठोस निर्णय लेने की जरुरत हे और अपनी सुरकचा का लिए लड्नो कोई गलत नि हे कब तक हमारा जवान सर कटवाता रेगा . ऐसा कुटेल गद्दा होण के सो सुनार की और एक लुवार की करनिज पड़ेगी . और जो लोग अपना देश और जनता की सुरकच्छा नि करी सके उनके 125 लोग का प्रतिनिधि केवावा को कोई हक नि हे . देश पे जान देवा वाला भोत हे पर उनकी जान इतरी सस्ती भी नि हे . 56 इंच वाला एक सर का बदले 10-10 लावा की बात करता था जदे सरकार में नि था और इज जुमला बोली बोली के सरकार बनाई ली और अब सर की गिनती भी नि करी रिया हे आज देश दुखी और आक्रोशित हे और श्रीमान जी राम देव की फेक्टरी को उद्घाटन करी रिया है

**Rajesh Bhandari babu**
**104 Mahavir Nagar Indore**

# टीवी पर लाहौर जीत लिया, ज़मीन पर आँसू बहा दिए



जब राष्ट्रवाद स्क्रीन पर चमकता है और असली ज़िंदगी में धुंधला पड़ जाता है। न्यूज़ चैनल राष्ट्रवाद को एक स्क्रिप्टेड तमाशे की तरह पेश करते हैं। रात में टीवी पर ऐसा माहौल बनाया जाता है मानो भारत ने पाकिस्तान पर हमला कर दिया हो, लेकिन असलियत में कुछ नहीं होता। मीडिया, फिल्मों और चुनावी भाषणों में सर्जिकल स्ट्राइक जैसी सैन्य कार्रवाईयों का खूब प्रचार होता है, जबकि असली शहीदों और उनके परिवारों की पीड़ा को भुला दिया जाता है। सोशल मीडिया पर जब लोग सवाल पूछते हैं, तो उन्हें देशद्रोही कहकर चुप करा दिया जाता है। चुनावों के समय राष्ट्रवाद को मुद्दा बनाकर असली समस्याओं जैसे बेरोजगारी और शिक्षा से ध्यान भटका दिया जाता है। यह लेख पाठकों से पूछता है – क्या वे सिर्फ इस दिखावे का हिस्सा बनकर ताली बजाते रहेंगे या असली देशभक्ति दिखाते हुए सचाई और पीड़ा के साथ खड़े होंगे? असली देशभक्ति शोर में नहीं, संवेदना, सचाई और सवाल पूछने की हिम्मत में होती है।

**- प्रियंका सौरभ**

रात का वक्त है। घरों में लोग टीवी ऑन करते हैं, न्यूज़ चैनल्स लगाते हैं, और अगली ही पल स्क्रीन पर धमाके शुरू हो जाते हैं – भारत ने लाहौर में घुसकर की बड़ी कार्रवाई!, पाक के होश उड़े!, घुटनों पर पाकिस्तान! जैसे शीर्षक चलते हैं और एंकर ऐसे चीखते हैं जैसे वो रणभूमि से लाइव रिपोर्टिंग कर रहे हों। लेकिन जब सुबह आँख खुलती है, तो सब वैसा ही होता है जैसा था। कहीं कोई युद्ध नहीं, कोई हमला नहीं, बस टीआरपी का तिलिस्मी खेल था। यह युद्ध नहीं, एक स्क्रिप्टेड शो है – राष्ट्रवाद का एक सजीव तमाशा, जो टीआरपी के नाम पर परोसा जा रहा है। असली सवाल यह है कि क्या देश की सुरक्षा, शहीदों की शहादत और जनता की भावनाएं भी अब मीडिया मार्केटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं? मीडिया का वीर रस तमाशा भारतीय न्यूज़ चैनल अब सूचना का स्रोत कम और नाटकीय मनोरंजन का मंच अधिक बन चुके हैं। एंकर युद्ध के मूड में होते हैं, पैनल में रिटायर्ड जनरल्स, कट्टर राष्ट्रवादी प्रवक्ता और एक दो दुश्मन देश के चेहरे बिठाए जाते हैं। सब चीखते हैं, एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, और दर्शक टीवी से चिपके रहते हैं। ष्टत्ढ्ढ से बना नकली बम, मिसाइल के धमाके, और नकली नक्शे – यह सब दर्शकों को एक महायुद्ध का आभास कराते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत क्या है? जमीनी हकीकत यह है कि इस पूरे ड्रामे से सिर्फ एक चीज़ मजबूत होती है – चैनल की रेटिंग और सरकार की छवि। सर्जिकल स्ट्राइक, सिनेमा और सेंसर 2016 की उड़ी घटना के बाद भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक किया। अगले साल इसपर आधारित फिल्म उरी आई। देश ने इसे हाथोंहाथ लिया। HowÓs the josh? डायलॉग हर बचे की जुबान पर चढ़ गया। विक्की कौशल हीरो बन गए, और परेश रावल जैसे अभिनेता पर्दे पर रॉ चीफ अजित डोभाल बन गए – जो हर मिशन में एक मोबाइल यूज़ करते और फिर फेंक देते। लेकिन इन सबके बीच असली ऑपरेशन को अंजाम देने वाले सैनिक, उनके परिवार और उनकी बलिदान की कहानी कहीं खो गई। जब कोई जवान शहीद होता है, तो न्यूज चैनल पहले उसकी फोटो के साथ ब्रेकिंग चलाते हैं – एक और जवान शहीद, लेकिन अगले ही पल एंकर ट्रेंडिंग टॉपिक पर लौट आता है। सोशल मीडिया और सबूत की राजनीति जब बालाकोट एयरस्ट्राइक हुआ, तो लोगों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया – क्या सबूत हैं?, कितने मरे?। सरकार चुप रही, लेकिन ट्रोल आर्मी सक्रिय हो गई। जिसने भी सवाल उठाया, वह पाकिस्तानी एजेंट करार दे दिया गया। राष्ट्रवाद अब 'साइलेंसिंग टूल' बन गया है – जो बोलता है, वह देशद्रोही है। जो पूछता है, वह गद्दार है। जनता से जवाबदेही माँगना अब भी अपराध बना हुआ है, और सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति का मतलब बस प्रोफाइल फोटो बदलना और ट्रेंडिंग हैशटैग लगाना रह गया है। शहीद के आँसू और आम आदमी का अकेलापन मीडिया युद्ध तो दिखाता है, लेकिन युद्ध में जो लोग वाकई मरते हैं, उनका क्या? जम्मू-कश्मीर या उत्तर-पूर्व में जब कोई जवान शहीद होता है, तो क्या उसकी विधवा की पेंशन समय पर आती है? क्या उसके बचों को मुफ्त शिक्षा मिलती है? क्या उसकी बूढ़ी माँ को इलाज मिलता है? अक्सर नहीं। मीडिया एक दिन रोशनी डालता है, लेकिन सरकार और समाज बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जो बच जाते हैं, वे अकेले रह जाते हैं। वो मां जो कहती है, मेरा बेटा तिरंगे में लिपट कर आया, मुझे गर्व है – उसे गर्व के साथ साथ जीवनभर की पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। राजनीति और राष्ट्रवाद की साठगांठ चुनाव के मौसम में यह 'टीवी युद्ध' और भी आक्रामक हो जाता है। नेताओं की रैलियों में सर्जिकल स्ट्राइक का ज़िक्र होता है, बटन दबाने को 'बम गिराने' जैसा बताया जाता है। विपक्ष के सवाल को पाक प्रेम कहा जाता है, और राष्ट्रभक्ति के नाम पर असली मुद्दे – बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य – सब गायब हो जाते हैं। हर बार चुनाव के करीब कुछ न कुछ स्ट्राइक होता है – कभी एयर, कभी डिजिटल, कभी बयानबाज़ी की। देश की सुरक्षा को एक चुनावी ब्रांड बना दिया गया है। जो वोट न दिला सके, वो देशप्रेम कैसा? युद्ध की असली तस्वीर जो लोग युद्ध का नारा लगाते हैं, वे कभी युद्ध नहीं लड़ते। युद्ध लड़ते हैं – वो जवान जो पहाड़ी पोस्ट पर जीरो तापमान में बैठते हैं, वो परिवार जो हर फोन कॉल से डरता है, और वो माँ जो हर दरवाज़े की आहट से चौंक जाती है। और आतंकवादी घटनाओं में मारे जाने वाले आम नागरिक – उनकी भी कोई आवाज़ नहीं। उनके लिए कोई फिल्म नहीं बनती, कोई नेता श्रद्धांजलि नहीं देता, कोई मीडिया चैनल ब्रेकिंग नहीं चलाता। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां देशभक्ति अब एक टीवी शो बन चुकी है, फिल्मी स्क्रीन पर बिकने वाली स्क्रिप्ट है और चुनावी रैली में गूंजता हुआ नारा है। असली देशभक्ति – सवाल पूछना, पीड़ित की मदद करना, और सचाई को पहचानना – अब खोती जा रही है। हमें तय करना होगा कि क्या हम इस तमाशे का हिस्सा बनना चाहते हैं या उसके विरोध में खड़ा होना चाहते हैं। क्या हम सिर्फ तालियाँ बजाना चाहते हैं, या शहीद के परिवार के आँसू पोछने वाले बनना चाहते हैं?



हर मिशन में एक मोबाइल यूज़ करते और फिर फेंक देते। लेकिन इन सबके बीच असली ऑपरेशन को अंजाम देने वाले सैनिक, उनके परिवार और उनकी बलिदान की कहानी कहीं खो गई। जब कोई जवान शहीद होता है, तो न्यूज चैनल पहले उसकी फोटो के साथ ब्रेकिंग चलाते हैं – एक और जवान शहीद, लेकिन अगले ही पल एंकर ट्रेंडिंग टॉपिक पर लौट आता है। सोशल मीडिया और सबूत की राजनीति जब बालाकोट एयरस्ट्राइक हुआ, तो लोगों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया – क्या सबूत हैं?, कितने मरे?। सरकार चुप रही, लेकिन ट्रोल आर्मी सक्रिय हो गई। जिसने भी सवाल उठाया, वह पाकिस्तानी एजेंट करार दे दिया गया। राष्ट्रवाद अब 'साइलेंसिंग टूल' बन गया है – जो बोलता है, वह देशद्रोही है। जो पूछता है, वह गद्दार है। जनता से जवाबदेही माँगना अब भी अपराध बना हुआ है, और सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति का मतलब बस प्रोफाइल फोटो बदलना और ट्रेंडिंग हैशटैग लगाना रह गया है। शहीद के आँसू और आम आदमी का अकेलापन मीडिया युद्ध तो दिखाता है, लेकिन युद्ध में जो लोग वाकई मरते हैं, उनका क्या? जम्मू-कश्मीर या उत्तर-पूर्व में जब कोई जवान शहीद होता है, तो क्या उसकी विधवा की पेंशन समय पर आती है? क्या उसके बचों को मुफ्त शिक्षा मिलती है? क्या उसकी बूढ़ी माँ को इलाज मिलता है? अक्सर नहीं। मीडिया एक दिन रोशनी डालता है, लेकिन सरकार और समाज बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जो बच जाते हैं, वे अकेले रह जाते हैं। वो मां जो कहती है, मेरा बेटा तिरंगे में लिपट कर आया, मुझे गर्व है – उसे गर्व के साथ साथ जीवनभर की पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। राजनीति और राष्ट्रवाद की साठगांठ चुनाव के मौसम में यह 'टीवी युद्ध' और भी आक्रामक हो जाता है।

**प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,**
**कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,**
**उब्बा भवन, आर्यनगर,**
**हिसार (हरियाणा)-127045**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था परेशान है लेकिन भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। ये लगातार सातवां हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। उधर, पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। इसके पहले 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 3.52 अरब डॉलर से बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी फॉरेन करेंसी के मूल्य में बढ़ोतरी या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।



आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड रिजर्व 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) में देश का स्पेशल ड्राइंग राइट (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। जबकि आईएमएफ में देश का आरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ??के अनुसार, भारत के वित्तीय बाजार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील और मजबूत ताकत के रूप में विकसित हुए हैं। विदेशी मुद्रा बाजार 2020 में 32 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 बिलियन डॉलर हो गया है और ओवरनाइट मनी मार्केट में औसत दैनिक वॉल्यूम इस चार साल की अवधि में लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

# ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आई मारुति सुजुकी





**नई दिल्ली ।** चालू महीने में मारुति सुजुकी ने अपनी बलेनो कार पर ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आई है। बलेनो, हयूदै आई20, टाटा अल्ट्राज और टोयोटा ग्लाझा जैसी कारों से प्रतिस्पर्धा करती है और लंबे समय से इस श्रेणी में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही है। बलेनो की कीमत रुपए 6,70,000 से रुपए 9,92,000 (एक्स-शो रुम) तक है और इस पर कुल रुपए 57,100 तक के ऑफर्स उपलब्ध हैं। इनमें रिगल किट रुपए 42,280 और अतिरिक्त रुपए 27,100 के ऑफर्स शामिल हैं। मारुति ने एफवाय25 में बलेनो की 1,67,161 यूनिट्स बेचीं, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष (एफवाय24) में यह आंकड़ा 1,95,607 यूनिट्स था। हालांकि, हाल ही में लॉन्च हुई बलेनो पर आधारित मारुति सुजुकी फ्रॉन्स ने कुछ हद तक बलेनो की बिक्री को प्रभावित किया है। इन दोनों कारों में समान पावरट्रेन और इंटीरियर्स का इस्तेमाल किया गया है। बलेनो में 1.2-लीटर ड्यूल-जेट ड्यूल-वीवीटी पेट्रोल इंजन है, जो 89.73 पीएस की पावर और 113एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके अलावा, इसमें 5-स्पीड मैन्युअल और 5-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन के विकल्प भी हैं। बलेनो का सीएनजी विकल्प भी उपलब्ध है, जो 77.5पीएस और 98.5 एनएम के साथ आता है।

### अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने वाली

# कंपनियों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाने डिजायन टीम बनाने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनियों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाने के लिए डिजायन टीम बनानी होगी और अपने उत्पादों की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाना होगा। मंत्री ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों की विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत कंपनियों की मंजूरी देने से पहले इन दोनों कारकों पर ध्यान दिया जाएगा, हालांकि इसे औपचारिक मानदंड के रूप में नहीं रखा जाएगा। वैष्णव ने कहा, मैं इस योजना में भाग लेने वाली हर कंपनी से डिजायन टीम बनाने का अनुरोध करता हूं। हालांकि, इसे औपचारिक मानदंड नहीं बनाया गया है, यह एक अनौपचारिक मानदंड के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ कंपनियों ने अपनी डिजायन टीम में 5,000 इंजीनियर शामिल किए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया, यदि आपके पास डिजायन टीम नहीं है और आप सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा कर रहे हैं, तब भी हम आपको मंजूरी नहीं देंगे। डिजायन टीम बनानी ही होगी। इसके साथ ही मंत्री ने उत्पादों की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे सिक्स सिग्मा गुणवत्ता स्तर हासिल करें, जो उच्चतम गुणवत्ता और दक्षता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सिक्स सिग्मा से कम कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम केवल विनिर्माण की मात्रा पर नहीं, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता पर भी आपकी प्रगति का मूल्यांकन करेंगे।



### सिक्स सग्मा से आशय?

सिक्स सिग्मा से आशय है एक ऐसी गुणवत्ता प्रक्रिया, जिसका उद्देश्य त्रुटियों को न्यूनतम करना, विविधताओं को दूर करना और गुणवत्ता एवं दक्षता को बढ़ाना है।

मंत्री अश्विनी वैष्णव का यह बयान कंपनियों को यह संदेश देता है कि सिर्फ मापदंडों को पूरा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और बेहतर डिजायन प्रक्रिया पर भी ध्यान देना आवश्यक होगा, यदि वे सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाना चाहती हैं।

# डॉक्टर पत्नी का डाक्टर पति से भरण पोषण दिलाने का आवेदन कोर्ट ने किया निरस्त

## कहा पति के समान शिक्षित और डिग्रीधारी डाक्टर को भरण पोषण दिलाना जरुरी नहीं

इन्दौर। प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश धीरेंद्र सिंह की कोर्ट ने डाक्टर पति से भरण पोषण की मांग करने का डाक्टर पत्नी द्वारा लगाया आवेदन कोर्ट ने विश्लेषण एवं न्यायसिद्धांत के आधार पर निरस्त कर दिया। अंतरिम भरण पोषण का यह आवेदन महिला डाक्टर शिखा धाकड़ निवासी साउथ तुकोगंज इंदौर द्वारा पति डॉ. लव दुग्गड निवासी पोट्टोमल जंक्शन, कालिकट, केरल के खिलाफ भरण पोषण राशि की मांग करते हुए प्रस्तुत किया था। जिसे कोर्ट ने खारिज करते टिप्पणी की कि पति के समान डिग्रीधारी पत्नी को भरण पोषण दिलाना आवश्यक नहीं होता। आवेदन पर कोर्ट में सुनवाई के दौरान पति डॉ. लव दुग्गड की ओर से अधिवक्ता योगेश गुप्ता (जैतपुरा वाला) ने पैरवी करते मय दस्तावेजी सबूत के कोर्ट को बताया कि आवेदिका डॉ. शिखा धाकड स्वयं बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. चिकित्सक है। वह अपने चिकित्सकीय व्यवसाय से प्रतिमाह लाखों रुपए की आय अर्जित करती है। उसके पास इंदौर शहर में करोडों की सम्पत्ति भी है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि डॉ. लव दुग्गड द्वारा अपनी पत्नी डॉ. शिखा धाकड को खुशी-खुशी जीवन व्यतित करने के लिए 36 लाख रुपए कीमत का क्लिनिक भी बनवाया जिसमें डॉ. शिखा अपना चिकित्सा व्यवसाय करती थी। वहीं डॉ. शिखा द्वारा आय कर के प्रस्तुत दस्तावेजों अनुसार उनकी मासिक आय लगभग 71,250 रुपए है। केरल से डॉ. शिखा अपनी माता के बीमार होने का बहाना बनाकर इंदौर आई और फिर कभी लौटी ही नहीं और एक सोची समझी साजिश के तहत उसने अपने पति पर झूठे आरोप लगाकर प्रकरण प्रस्तुत किया तथा तलाक देने के लिये करोडों रूपए की मांग की। अधिवक्ताओं के तथ्यों और तर्कों से सहमत होकर कोर्ट ने अपने आदेश में उल्लेख किया गया कि उच्च शिक्षित एवं पति के समान व्यावसायिक डिग्रीधारित पत्नी को भरण पोषण राशि दिलाया जाना आवश्यक नही होता है। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत प्रकरण में भी स्वंय आवेदिका अपने पति की तरह ही डिग्रीधारक है।



## सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती पर विश्व हिंदू परिषद ने दिया विश्व विजेता होने का संदेश



इंदौर। सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा पर उनकी जयंती मनाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित मौर्य समाज के परिवारों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख मुकेश चौधरी ने कहा कि मुगल काल से हमारे देश में एक झूठ फैलाया जा रहा है कि जो जीता वही सिकंदर जबकि सत्य यह है कि जो जीता वही चंद्रगुप्त मौर्य है।

क्योंकि जब सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस ने भारत पर आक्रमण करने का प्रयास किया तो चंद्रगुप्त मौर्य ने उसे भारत की सीमाओं में घुसने से पहले ही पराजित कर दिया और उसकी सेना को जीवन दान देने के बदले उसकी पुत्री हेलेना से विवाह किया और दहेज में सैकड़ों एकड़ जमीन प्राप्त की जो ईरान इराक तक फैली हुई थी। इसलिए सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य को अखण्ड भारत का निर्माता और सम्राट माना जाता है। कार्यक्रम में गन्नी चौकसे जयस मौर्य, मनोज यादव, विनोद प्रजापति,मोनू मौर्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## गायों को हरा चारा खिलाकर किया पुण्य अर्जन




इंदौर। अपनी कामधेनु गौ सेवा समिति, इंदौर के सदस्यों ने देवी अहिल्या गौशाला में गौमाताओं को हरा चारा व गुड़ के लड्डू अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री सत्यप्रकाश चौरसिया एवं श्रीमती अनिता चौरसिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितजी की उपस्थिति में गौ पूजन संपन्न किया। विधिवत पूजन के उपरांत गौमाता को चुनरी ओढ़ाई गई, आरती उतारी गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

गौसेवा के इस पुण्य अवसर पर हरीश उप्पल, मनीष भंडारी, राजकुमार कसेरा, शंकरराव एवं श्रीमती सुमन जाधव, जनार्दन एवं श्रीमती जयश्री गिरगुणे, गजेन्द्र एवं श्रीमती प्रभा सोनी, सुरेशचंद्र एवं श्रीमती हीरामणी पोरवाल, दीपेश एवं श्रीमती अनिता कोठारी, अशोक व्यास, अशोक भुसारी, कमलकुमार शर्मा, रामकिशोर गिलड़ा, सत्यनारायण काकानी तथा देवेंद्र होलकर ने भी अपने श्रद्धाभाव से सहभागिता निभाई।

## संगीत की सुहानी शाम आयोजित




इंदौर। संस्था स्वरम द्वारा जाल सभागृह में संगीत प्रेमियों के लिए संगीत की एक सुहानी शाम आयोजित की गई। आयोजक अश्मित सागर ने बताया कि उनकी संस्था स्वरम का यह पहला प्रोग्राम था जिसे दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला अब इस संस्था के मंच के माध्यम से नए प्रतिभाशाली गायक गायिकाओं की प्रतिभाओं को निखारा जाएगा।

गानों के चयन को भी संगीत प्रेमियों ने काफी पसंद किया। टाइटल गीत ये प्यार हमें किस मोड पे ले आया को बखूभी निभाया अस्मित सागर , राजन फडनिस एवं संजय चित्रकार ने। साथ ही राधिका बबेरिया, गीता मल्होत्रा, सीमा निगम के गीतों की भी संगीत प्रेमियों ने काफी सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित मध्यप्रदेश की पहली महिला सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव ने भी सैक्सोफोन पर शानदार गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संगीत संयोजन पिंटू कसेरा का था एवं मंच संचालन सुमित्रा जोशी ने किया।

## आर डी बर्मन के संगीतबद्ध सुमधुर गीतों की प्रस्तुति आने वाला पल जाने वाला है

इंदौर की संगीत संस्था सुर आराधन द्वारा राहुलदेव बर्मन ( पंचम दा ) के संगीतबद्ध किये कुछ अमर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति 28 अप्रैल सोमवार को मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में शाम साढ़े छह बजे से प्रारम्भ होगी। ऽआने वाला पल जाने वाला है ऽ की थीम पर इस सुरमई संगीतमय आयोजन में कुछ चुनिंदे एकल एवँ युगल गीत सुर आराधन के गायक-गायिकाओं द्वारा पेश किए जाएंगे। इस संगीतमय कार्यक्रम में सभी संगीतप्रेमी सादर आमंत्रित हैं। सुर आराधन बैंक ऑफ बड़ौदा परिवार द्वारा संचालित संगीत संस्था है जिसकी यह छठी संगीतमय प्रस्तुति होगी।

एक पिता की मार्मिक अपील

# पारिवारिक अत्याचार और संस्थागत उदासीनता के बीच न्याय की पुकार - वि. रामास्वामी

इंदौर। मैं, वि. रामास्वामी, यह पत्र केवल एक पिता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे नागरिक के रूप में लिख रहा हूँ जिसकी न्याय व्यवस्था में आस्था धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। 2021 से, मेरा परिवार - मेरी पत्नी, मेरा बेटा और मैं - लगातार मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। यह यातना किसी बाहरी व्यक्ति से नहीं, बल्कि हमारे ही परिवार के सदस्यों से मिली है।

मेरे पिता की मृत्यु के बाद, उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ। उनकी वसीयत के अनुसार, संपत्ति का आधा हिस्सा मुझे और मेरी एक बहन को दिया गया। दूसरी बहन को इसलिए वंचित रखा गया, क्योंकि उसने मेरे पिता को धोखा देने की कोशिश की थी और उन्हें जबरदस्ती रोककर रखने का प्रयास किया था। संपत्ति का शेष आधा भाग मेरे पुत्र संतोष को दिया गया, क्योंकि उन्होंने मेरे पिता की अंतिम वर्षों में देखभाल की और साथ निभाया था।

जैसे ही यह वसीयत सामने आई, हमारा जीवन एक दुःस्वप्न बन गया। मेरी बहनों के पतियों ने संतोष को निशाना बनाना शुरू कर दिया। हमारे घर पर अजनबी आने लगे और धमकियाँ देने लगे - ÷तेरे बेटे को उठवा लेंगे, जान से मार देंगे÷, ÷पुलिस भी कुछ नहीं कर पाएगी।÷ डर के कारण हमें कई बार घर बदलने पड़े, लेकिन ये धमकियाँ हर जगह पीछा करती रहीं।

हमने कई बार पुलिस में शिकायत की, लेकिन हर बार ÷सबूत की कमी÷ बताकर मामलों को खारिज कर दिया गया। हम कैसे सबूत दें जब असली अपराधी - हमारे ही रिश्तेदार - प्रभाव और परोक्ष तरीकों से काम कर रहे हों?

2022 में, संतोष की जान बचाने के लिए हमें उसे यूनाइटेड किंगडम भेजना पड़ा। यह कोई अवसर की तलाश नहीं थी, बल्कि ज़िंदा रहने की कोशिश थी। उसके जाने के बाद, मेरी पत्नी और मैं नए लक्ष्य बन गए। हमें गुंडों ने शारीरिक रूप से चोट पहुँचाई, जिन्होंने खुलेआम कहा, ÷ऊपर से आदेश है।÷

अब यह साफ हो गया है कि यह केवल संपत्ति का विवाद नहीं, बल्कि एक योजनाबद्ध बदले की कार्रवाई है। संतोष को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह कानूनी उत्तराधिकारी है।

यह केवल पारिवारिक शोषण नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की विफलता है जो सत्ता और पैसे के साये में आम नागरिक की सुरक्षा भूल जाती है।

मैं यह पत्र, आशा से लिख रहा हूँ, कि भविष्य में कभी तो मेरे साथ न्याय होगा।

— वि. रामास्वामी

## एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

इंदौर। एम पी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (HRA) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है।

### पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार हैः

1. 7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10% गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा।
2. 3 लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7% होगी।
3. 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5त्न निर्धारित की गई है।

### किन्हें नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ताः-

जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं, या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा। साथ ही, संविदा, तदर्थ, स्थायी-कर्मी व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस भत्ते की पात्रता नहीं होगी। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी और यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा।

## गुरु रामानंद स्मरण श्रृंखला के तहत गोष्ठी आयोजित



इन्दौर। मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में गुरु रामानंद स्मरण श्रृंखला के तहत शहर के साहित्यकारों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें डॉ. दीप्ति गुप्ता ने कहा कि उन्होंने धार्मिक और सामाजिक परिवर्तन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मोहम्मद तुगलक ने इनसे प्रभावित होकर हिंदुओं से जजिया कर हटा दिया था। गोष्ठी में अरविंद जोशी, डॉ. सुरेन्द्र नारायण सक्सेना ने भी विचार रखे। अध्यक्षता समिति डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने की। संचालन डॉ. अखिलेश राव ने किया। आभार हरेराम वाजपेयी ने माना। गोष्ठी में डॉ. आभा होल्कर, किशोर यादव, रामाश्रय पाण्डेय, राघवेन्द्र दुबे, ज्योति यादव, महेश लोदवाल मौजूद रहे।

# सुमधुर गीत-संगीत से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

इंदौर। संगीत सरिता संस्था द्वारा आयोजित गीत-संगीत से भरपूर 13वीं प्रस्तुति ''वैद्य सदन, उषानगर, इंदौर'' में भव्यता के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर 17 गायक कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ संगीतप्रेमी केशवराव वैद्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत नन्हीं बालिका निहान औरंगाबादकर ने सिंथेसाइजर पर फिल्म ससुराल के प्रसिद्ध गीत तेरी प्यारी प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे की धुन बजाकर श्रोताओं की भरपूर प्रशंसा प्राप्त की।

इसके बाद एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को संगीत-सागर में डुबो दिया। दिनेश बागोरा ने ग़ज़ल हम तेरे शहर में आए हैं, मनोज कुमार शर्मा ने जिंदगी के सफर में जो गुजर जाते हैं, सुभाष धानापुने ने चांदी जैसा रूप तेरा÷, डॉ. जर्नादन गिरगुणे और राजश्री गिरगुणे ने युगल गीत ये पर्वतों के दायरे, ये शाम का धुंआ प्रस्तुत कर समां बांधा। रजनीकांत नागर ने ओजपूर्ण शौर्य कविता का पाठ कर वातावरण में जोश भर दिया।

भालचन्द्र चैतन्य ने न तुम हमें जानो, न हम तुम्हें जानें, प्रदीप फणसे ने ये रेशमी जुल्फें, ये शराबी आंखें, आर.एस. गोयल ने सुख के सब साथी, दुख में न कोई, हेमलता सोनी ने रहते थे कभी जिनके दिल में, देवेन्द्र होलकर ने सिंथेसाइजर पर ÷है अपना दिल तो आवारा की मधुर धुन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

इसके साथ ही, राजेन्द्र वेद ने ओ फिरकीवाली, तू फिर कल आना, राकेश शुक्ला ने छू लेने दो नाजुक होठों को, मार्तण्डराव खानविलकर ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, ज्योति शर्मा ने मिलती है जिंदगी में मुहब्बत कभी-कभी जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन केशवराव वैद्य द्वारा गाए गए सुंदर गीत तुम अगर साथ देने का वादा करो के साथ हुआ।संचालन भालचन्द्र चैतन्य ने किया तथा आभार प्रदर्शन बी.एल. तिवारी ने किया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा पहलगाम दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजली सभा आयोजित

इंदौर। दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर 26 अप्रैल रात्रि 8 बजे पहलगाम की नृशंस, बर्बर घटना के विरोध में राष्ट्र भर में आयोजित विरोध प्रदर्शन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर रीजन द्वारा इंदौर के हृदयस्थल स्थित महावीर कीर्ति स्तंभ, रीगल चौराहा पर अत्यंत भावनात्मक एवं देश भक्ति से परिपूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं उसके पश्चात कैंडल मार्च निकाला गया।



बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने काली पट्टी बाँधकर, देश भक्ति के ओजस्वी नारों के साथ आतंकवाद के खिलाफ अपना रोष जाहिर किया एवं दुःख की इस घडी में संपूर्ण जैन समाज की और से राष्ट्र के प्रति एकजुटता के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

इंदौर रीजन अध्यक्ष श्री प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न ग्रुप्स के सदस्यों के साथ सर्वश्री अमित कासलीवाल, राकेश विनायका, राजकुमार पाटोदी, हंसमुख गाँधी, दिलीप पाटनी, राजेंद्र सोनी, आशीष जैन सुतवाले, ऋषभ जैन, महेंद्र जैन्न, होलासराय सोनी, सचिन जैन उद्योगपति, सुधीर जैन, संजय जैन, श्रीमति नीना चौधरी, आशा सोनी, सरला सामरिया, डॉ संगीता विनायका आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

26 दिवंगत पर्यटकों को दीप-मोमबत्ती के साथ श्रद्धांजलि के साथ ही हाल ही में दिवंगत हुए फेडरेशन के वरिष्ठ साथी स्व. नवीनसेन जैन, कार्यालय सहयोगी सुधीर गंगवाल, रॉयल ग्रुप कोषाध्यक्ष रविंद्र छाबड़ा की स्मृति मे 2 मिनट का मौन रखा गया।

अंत में रीजन सचिव श्री संजय पापड़ीवाल द्वारा आभार एवं राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## विद्यार्थियों में रचनात्मकता और कला कौशल के विकास के लिए समरकेम्प आयोजित



इंदौर। शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में रचनात्मकता-सृजनशीलता, कला और कौशल के विकास के लिये ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन 1 मई से 20 मई के मध्य किया जा रहा है। इस शिविर में प्रशिक्षक वर्ग विद्यार्थियों को सहभागिता करवाकर आपसी सहयोग, टीम वर्क, समस्याओं का समाधान, आपसी सामंजस्य और नेतृत्वकला के गुण उन्हें सिखाएंगे। शा सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 के प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि ये शिविर सीएम राइज,पीएमश्री,उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में आयोजित हो रहे है। अहिल्याश्रम में समरकेम्प में स्पोकन इंग्लिश, मेहंदी, नृत्य, हस्तकला एवं क्राफ्ट, खेल और खिलोने बनाना, चित्रकला, गायन, रोलप्ले, कविता-कहानी, खेल, नाटक और फैंसी ड्रेस के विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध रहेंगे। उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु पंजीयन शुल्क मात्र दस रुपये निर्धारित है। सैकड़ों छात्राएं पंजीयन फॉर्म जमा करवा चुकी है।

## कार्टून कोना..........



# विवाह, गृह प्रवेश, वाहन या संपत्ति खरीदी हर कार्य होगा मंगलमय



पीथमपुर। सनातन हिंदू धर्म में शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त का विशेष महत्व होता है, लेकिन वर्ष में एक ऐसा दिन आता है जब किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन होता है

## अबूझ मुहूर्त : अक्षय तृतीया पर बिना पंचांग के भी होंगे मांगलिक कार्य

अक्षय तृतीया, जिसे अबूझ मुहूर्त के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष यह विशेष तिथि 30 अप्रेल को है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस दिन कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं। अक्षय तृतीया को वैदिक काल से ही अत्यंत पवित्र और फलदायक तिथि माना गया है। यह दिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को होती है। मान्यता है कि इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य अक्षय फल देता है। यानी उसका फल कभी समाप्त नहीं होता। यही कारण है कि इस दिन बिना मुहूर्त देखे ही विवाह, गृह प्रवेश वाहन खरीद, भूमि पूजन, संपत्ति निवेश, व्यापार की शुरुआत जैसे कार्य किए जाते हैं।

हिन्दू धर्म में शुभ कार्यों के लिए मुहुर्त अवश्य देखा जाता है। कोई भी शुभ कार्य करना हो शुभ मुहुर्त पर ही किया जाता है। विवाह, गृह प्रवेश, भूमिपूजन, संपत्ति में निवेश, व्यापार की शुरुआत ये सभी कार्य पंडित से पूछकर शुभ मुहुर्त देखकर किए जाते हैं, लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया ऐसी तिथि है जिस तिथि पर सभी शुभ कार्य बिना मुहुर्त देखे किए जा सकते हैं।

सनातन में शुभ कार्यों के लिए श्रेष्ठ दिन

इस वर्ष अक्षय तृतीया के दिन कई ऐसे योग बन रहे हैं, जो इसे और भी खास बना देते हैं। पंडित राघवेन्द्र शास्त्री के अनुसार इस दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जो इस तिथि को और भी फलदायी बना देते हैं। इस दिन विवाह के कार्यक्रम काफी संख्या में तय किए जा चुके हैं। इस दिन बहुत सी शदियां होने से पहले से ही मैरिज हॉल व होटलों, सामाजिक मंगल भवनों की बुकिंग हो गई है।

### क्या कहती है धार्मिक मान्यता

ग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था और महाभारत काल में पांडवों को अक्षय पात्र की प्राप्ति भी इसी दिन हुई थी। इसलिए इस दिन दान-पुण्य, जप-तप और उपवास का भी अत्यधिक महत्व है।

## वर्ष 2025 के मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन 15 जुलाई तक

इन्दौर (ईएमएस)। शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' प्रदान किया जाता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए वर्ष 2024-25 में किये गए नवाचारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। आवेदन वेबसाइट 222.इु2इुह्स्त्रह्य.द्बक्ष.द्द1.द्ब्ठु के माध्यम से ऑनलाइन किये जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने प्रदान किये जाने वाले वार्षिक 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' के लिए प्रदेश के शासकीय और सार्वजनिक संस्थानों के अधिकारी-कर्मचारी एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक किये गए नवाचारों के आधार पर आवेदन कर सकेंगे। पुरस्कार के लिए राज्य शासन के विभाग एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों के उल्लेखनीय नवाचारों को मान्यता दी जाएगी। पुरस्कार के लिए ऐसे कार्यों का चयन किया जाएगा, जिनसे जनसेवा में गुणवत्ता, दक्षता और नवाचार दृष्टिगोचर होता हो।

**चयन के मुख्य क्षेत्र-** मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक समावेशन और समावेशी विकास के क्षेत्र में किये गये नवाचारों को प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक चयनित प्रविष्टि को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के विषय में अधिक जानकारी के लिए सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश से संपर्क किया जा सकता है। संबंधित सूचनाएं वेबसाइट www.awards.mp.gov.in पर भी प्रकाशित हैं।

## गार्डन में ओपन जिम लगाने के लिए महापौर से मिले रहवासी

इन्दौर। शहर के अधिकांश क्षेत्रों के गार्डनों में नगर निगम ने ओपन जिम लगाए हैं जिससे लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल रहा है इसके चलते ही निगम के जोन 13 के वार्ड 77 में आने वाले न्यू रानी बाग स्थित मां देवी अहिल्या उद्यान में स्थानीय रहवासियों ने यहां भी ओपन जिम लगाने की महापौर से मांग की है। क्षेत्रीय रहवासी अवतार सिंह सैनी ने बताया कि कॉलोनी के उद्यान में सुबह के समय ट्रैक पर वॉकिंग तो की जा रही है, लेकिन ओपन जिम नहीं होने से रहवासी एकरसाइज नहीं कर पा रहे हैं। यदि यहां भी गार्डन में ओपन जिम बन जाएगा, तो सैकड़ों रहवासियों को लाभ होगा। इसी के साथ उद्यान में बैठने के लिए बैच भी नहीं है, जिससे बच्चे और बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई तो अब यहां के रहवासियों ने महापौर से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है।

## डॉ. गुप्ता बने प्रभारी क्षेत्रीय संचालक

इन्दौर। वरिष्ठ संयुक्त संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मप्र डॉ. राजू निदारिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इंदौर संभाग का प्रभार स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता को आगामी आदेश तक सौंपा गया है। जारी आदेश के अनुसार डॉ. साजी जोसेफ को क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इंदौर संभाग के प्रभार से मुक्त करते हुए मूल पद सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक धार में पदस्थ किया गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि



इन्दौर। मध्य प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एवं उ संयुक्त संगठन (रजि) के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सीतलानी ने बताया कि राजवाड़ा पर संगठन के पदाधिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्यों द्वारा पहलगाम में हुआ आतंकवाद हमले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया एवं जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि सभा में मोमबत्तियां जलाकर आतंकवाद के खिलाफ सभी ने एकजुट होकर मुंह तोड़ जवाब देने के लिए आवाहन किया एवं निर्दोष पर्यटकों के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री श्री दिलीप राजपाल प्रकाश व्यास पूर्व पार्षद अशोक जारवाल सरवर खान विकास जोशी राकेश शास्त्री मनोहर सिंह तोमर दिनेश दुबे जानकी लाल पटेरिया महेश शर्मा विजय पुणेकर राजेश रामबाबू अग्रवाल राधेश्याम गुप्ता गफ्फार भाई दिलीप जायसवाल प्रीति खटनकर वीरेंद्र झंझोट अंकित आचार्य साहित्य गणमान्य जन मौजूद थे सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर सरकार से आव्हान किया आतंकवाद को जड़ से नष्ट किया जाए

# ब्राह्मण बेटी का कन्यादान कर प्रस्तुत किया आदर्श

### अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल का अनूठा आयोजन



इंदौर। श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा लक्ष्मी रूपी एक ब्राह्मण बेटी का कन्या दान कर आदर्श प्रस्तुत किया। महिला मंडल द्वारा नानी बाई का मायरा एवं शुभ विवाह महोत्सव का दो दिनी आयोजन पावन सिद्ध धाम वेंकटेश मंदिर में वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

परम पूज्य स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य के सानिध्य में आचार्य पंडित पुष्पानंद पवन तिवारी ने अपनी अनूठी प्रस्तुति से इस आयोजन को अलौकिक रूप दिलाया। संस्था अध्यक्ष सीमा माहेश्वरी एवं सचिव पूनम मालपानी ने बताया कि इस विवाह महोत्सव में समाज की बहनों ने मेहंदी,गीत-संगीत,गणेश पूजन, हल्दी,डोली कलश, नानी बाई का मायरा कथा, तोरण व फेरों के साथ हर रस्म को पूर्णता प्रदान की। कन्यादान में महिला मंडल द्वारा गृहस्थी का पूरा सामान, मंगलसूत्र, पायल, बिछिया, चांदी के गिलास व चुनरी लहंगा बेटी को प्रदान किया। कथा यजमान गोविंद-उमा मानधन्या, घनश्याम-आशा झंवर, राधेश्याम -प्रेमलता गट्ठानी,रमेश-शकुंतला चितलांगिया, गोपालदास-कल्याण माहेश्वरी आयोजन में विशेष सहयोगी रहे। समाज अध्यक्ष रामस्वरूप धूत,अन्नपूर्णा समाज अध्यक्ष मनीष बिसानी, सचिव मनोज कुइया, आशा साबू, चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष दीपा सोमानी, रमा साबू निर्मला बाहेती, प्रमिला भूतड़ा उपस्थित रहे।




## बीट द समर हीट

### रंग-बिरंगी टोपी और स्टाइलिश चश्मे पहनकर उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चे

इंदौर। गर्मी के मौसम में सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए सिका बालवाटिका, निपानिया कैंपस में शनिवार, 26 अप्रैल 2025 को बीट द समर हीट नामक एक रोचक और शैक्षिक गतिविधि आयोजित की गई। बच्चे रंग-बिरंगी टोपी और स्टाइलिश चश्मे पहनकर बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। शिक्षकों ने बच्चों को गर्मी से बचाव के उपाय जैसे पर्याप्त पानी पीना, सुरक्षात्मक कपड़े पहनना और तेज धूप से बचाव करने के महत्व के बारे में सरल और रोचक तरीके से समझाया। सहायक प्रधानाध्यापिका श्रीमती सोनल खन्ना ने बताया की खेल और संवाद के माध्यम से बच्चे गर्मियों में सुरक्षित रहने के अनमोल टिप्स सीख सकते है।

# वरिष्ठ चिकित्सकों को 70 वर्ष तक संविदा सेवा देने का प्रस्ताव होगा तैयार

### रीवा एवं इन्दौर मेडिकल कॉलेज के उन्नयन का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

#### स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की



इन्दौर। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए सुलभ, उच्च गुणवत्ता युक्त और व्यापक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुभव, आधुनिक मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ आधार और समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया से प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेश में वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुभव का लाभ उठाने के उद्देश्य से, उन्हें 70 वर्ष की आयु तक संविदा सेवा देने के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। प्रस्ताव कैबिनेट अनुमोदन के लिए शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की गुणवत्ता में वृद्धि करेंगी साथ ही यह निर्णय चिकित्सकों की कमी की पूर्ति करने में भी सहायक होगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा और इन्दौर के मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए कॉलेजों का अधोसंरचना विकास , अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था अन्य आवश्यक कार्य भी समय से पूर्ण किए जाएँ। शुक्ल ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि एमपीपीएससी के साथ नियमित संपर्क में रहते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को तत्काल प्राथमिकता से पूरा किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल (ई-एचआरएमएस) की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। पोर्टल को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्मिकों के स्थानांतरण में पारदर्शिता और त्वरित निर्णय से विभागीय कार्य में गति आएगी और सेवाओं में सुधार होगा। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना उपस्थित रहे।

# 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल सफल बनाने के लिए सम्मेलन सम्पन्न

इन्दौर। इंदौर केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के विरोध में होने वाली 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में इंटक कार्यालय श्रम शिविर इंदौर में केंद्रीय श्रम संगठनों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ।




जिसे केंद्रीय श्रम संगठनों के प्रदेश नेतृत्व के साथियों जिसमें प्रमुख इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर यादव, एटक के प्रदेश महासचिव कामरेड शिवशंकर मौर्य, सीटू के प्रदेश महासचिव कामरेड प्रमोद प्रधान ,एच एम एस के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरिओम सूर्यवंशी,सेवा की सचिव सुश्री कविता मालवीय, ए आई यू टी यू सी के सचिव कामरेड प्रमोद नामदेव , एम पी बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कामरेड मोहन कृष्ण शुक्ला,एटक के इन्दौर, धार के महासचिव कामरेड रुद्रपाल यादव, सीटू के सचिव कैलाश लिंबोदिया, किसान सभा के महासचिव कामरेड अरूण चौहान, खेतिहर मजदूर कांग्रेस की सचिव सुश्री सुशीला यादव, प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के सचिव मनीष ठक्कर, लघु उद्योग यूनियन के सचिव श्री जगदीश राजकमल, बी एस एन एल फेडरेशन के सचिव कामरेड प्रकाश शर्मा , सेवा की सचिव रेखा सुरवे, ने संबोधित किया, इस अवसर पर इंदौर जिला एटक समिति के अध्यक्ष कामरेड सोहनलाल शिंदे ,सत्यनारायण वर्मा, सीटू के सचिव कामरेड सी एल सर्राव त भागीरथ कच्छवाह,कामरेड कौशल शर्मा, छगन लाल चौहान, दिलीप कोल, हरनाम सिंह धालीवाल विशेष रूप से शरीक हुए, इस अवसर पर विषय परिचय श्री श्यामसुंदर यादव ने दिया , कामरेड प्रमोद प्रधान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार श्रमिकों के अधिकारों को समाप्त कर चार श्रम संहिता लागू करना चाहती है, कामरेड शिवशंकर मौर्य ने कहा कि पुनरीक्षण न्यूनतम वेतन एक अप्रैल 2024 से नहीं दिया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा, हरिओम सूर्यवंशी ने कहा कि 20 मई की हड़ताल को सफल बनाना है, कविता मालवीय ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ बहुत शोषण किया जा रहा है सम्मेलन का संचालन इंटक मंत्री लक्ष्मीनारायण पाठक ने किया ।

## निगम ने दी चेतावनी खुद हटा लो, हम हटाएंगे तो 100 फीट की तोड़फोड़ करेंगे

इंदौर। 8 दिनों की मोहलत के बाद भी छावनी और सुभाष मार्ग से बाधाएं नहीं हटती देख निगम ने रहवासियों को फिर चेताया है कि अपने स्तर पर बाधाएं हटाने का काम तेजी से शुरू कर दें, अन्यथा निगम तोड़फ़ोड़ शुरू करेगा तो 100 फीट के मान से ही तोड़फ़ोड़ होगी। सुभाष मार्ग पर 5 मकान ऐसे हैं, जो पूरी तरह सडक़ की चपेट में आ रहे हैं। उन्हें पीएम आवास योजना में फ्लैट दिए जाएंगे। छावनी क्षेत्र में भी रहवासियों को बाधाएं हटाने के लिए कहा गया है। सुभाष मार्ग की 100 फीट चौड़ी सडक़ को फिलहाल निगम पहले चरण में 80 फीट के मान से बना रहा है और इसके लिए रहवासियों को 8 दिनों में बाधाएं खुद हटाने को कहा था, लेकिन दो से तीन दिन बीत जाने के बाद भी बाधाएं नहीं हटती देख निगम ने फिर रहवासियों को चेताया है और कहा है कि खुद बाधाएं हटाने का काम तेजी से शुरू कर दें। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के मुताबिक क्षेत्रीय रहवासियों से कहा गया है कि अगर निगम की टीमें क्षेत्र में बाधाएं हटाने पहुंचीं तो फिर 100 फीट चौड़ाई के मान से ही तोड़फ़ोड़ होगी। इसलिए रहवासी वहां पूर्व से लगाए गए निशान से दस फीट कम कर तोड़फ़ोड़ कर लें। अगर इस दौरान कोई दिक्कत आती है या निशान को लेकर समस्या है तो वे संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलवाकर उसका निराकरण करा सकते हैं। इसके लिए निगम के दो अधिकारियों डीआर लोधी और नरेश जायसवाल को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस सडक़ पर पांच मकान ऐसे हैं, जो सडक़ की जद में पूरी तरह आ रहे हैं। वहां के लोगों को पीएम आवास योजना में फ्लैट दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर छावनी क्षेत्र में भी रहवासियों को खुद अपने स्तर पर बाधाएं हटाने का काम शुरू करने को कहा है, क्योंकि दो से तीन दिन बीतने के बाद भी अभी भी वहां बाधाएं हटाने का काम शुरू नहीं हुआ है।

# सामूहिक विवाह आयोजन में हर स्तर पर सभी व्यवस्थाएं गंभीरता से पूर्ण की जाएं - कलेक्टर



**धार।** वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और उमरबन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह आयोजन में हजारों की संख्या में जोड़े और उनके परिजन सम्मिलित होंगे ।उनके स्वास्थ्य और सुविधा का पूरा दायित्व प्रशासन का है, अतः हर स्तर पर सभी व्यवस्थाएं गंभीरता से पूर्ण की जाएं ।पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और विभिन्न स्थानों से आ रहे वाहनों में ओ आर एस सहित आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उक्त निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा उमरबन में 30 तारीख को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान दिए। श्री मिश्रा ने आकस्मिक घटनाओं से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश भी दिए ।गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का निरंतर परीक्षण किया जाए । कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर द्वारा पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।श्री मिश्रा ने हेलीपेड,पार्किंग,जन सुविधा आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा एवम् अवलोकन के दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, एडीएम अश्विनी रावत,संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहरा,एसडीएम श्रीमती रोशनी पाटीदार और आशा परमार ,प्रमोद गुर्जर सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रमुख उपस्थित रहे।

## बाल विवाह के खिलाफ धार जिले में महत्वपूर्ण कदम

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार धार जिले में बाल विवाह के खिलाफ हमारी मुहिम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अभी तक के संपूर्ण धार जिले में 13 बाल विवाह होने से रोके गए हैं।

### अक्षय तृतीया की तैयारी

अक्षय तृतीया के अवसर पर, हम बाल विवाह के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं। हमने ब्लॉक लेवल पर परियोजना अधिकारियों को बाल प्रतिषेध अधिकारी के रूप में घोषित किया है। सभी परियोजनाओं में उड़ान दस्ते रहेंगे, जो बाल विवाह के मामलों पर निगरानी रखेंगे।

### जागरूकता और सत्यापन

समस्त सम्मेलन किए जाने के जोड़े के दस्तावेज का सत्यापन करने का निर्णय लिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं भी नाबालिग लड़का या लड़की न हो।

### कंट्रोल रूम और निगरानी

कंट्रोल रूम के माध्यम से शिकायतों की निगरानी रखी जा रही है। कंट्रोल रूम नंबर और मोबाइल नंबर निम्नलिखित हैं-

**कंट्रोल रूम नंबर-** जिला धार पर स्थापित

**मोबाइल नंबर-** बलराम ठाकुर 98263 94433

करण भंवर- 7869984294

### बाल विवाह मुक्त भारत पॉर्टल

भारत सरकार द्वारा बनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत पॉर्टल पर सभी हुए बाल विवाह की एंट्री की जा रही है। साथ ही, बाल विवाह रोकने हेतु किए गए जागरूकता और शपथ कार्यक्रमों को भी पोर्टल पर दर्शाया जा रहा है। हमारा अभियान बाल विवाह के खिलाफ जारी रहेगा। हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयासों से बाल विवाह के मामलों में कमी आएगी। हम सभी से अपील करते हैं कि वे हमारे साथ जुड़ें और बाल विवाह के खिलाफ इस मुहिम में हमारी मदद करें।

# टंकी का स्थान सही नहीं, चाणक्यपुरी कालोनी के रहवासियों ने किया विरोध





**धार।** नगरपालिका द्वारा टंकी बनाने के लिए मिट्टी का परीक्षण करने चाणक्यपुरी कालोनी में पहुॅची, जहाॅ कालोनीवासियों ने इसका जमकर विरोध किया। क्योंकि यहाॅ शितला माता मंदिर की स्थापना की गई है। साथ ही यह जमीन कालोनाईजर ने बगीचा, मंदिर एवं बच्चों के खेलने के लिए जमीन छोड़ी है। ज्ञात हो कि नगरपालिका जहाॅ टंकी बनाने के लिए स्थल चयन किया गया, वहाॅ पर शितला माता मंदिर स्थापित है। इसके अलावा यहाॅ पर बच्चों के खेलने के साथ-साथ सभी सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे माताजी का भण्डारा, धार्मिक भण्डारा, पूजा-पाठ, सार्वजनिक कार्यक्रम, कालोनीवासियों बच्चों की शादी का कार्यक्रम, भोजन, टेंट, ठहरने की व्यवस्था सहित अनेकों सार्वजनिक कार्यक्रम होते है। ऐसे में उक्त स्थान पर टंकी का निर्माण कर दिया जाता तो ऐसे धार्मिक एवं सार्वजनकि आयोजन कहाॅ करेंगे और हमारे बच्चे कहां पर खेलेंगे। ऐसी कई समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कालोनीवासियों का कहना है कि यहाॅ आसपास भी सरकारी जमीन बहुत है। अगर नगरपालिका टंकी का निर्माण इस स्थान को छोड़कर अन्य सरकारी जमीन पर करती है, तो नगरवासियों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। लेकिन इस स्थान पर कालोनीवासी टंकी का निर्माण नहीं करने देंगे। इसके बावजूद भी अगर नगरपालिका द्वारा टंकी का निर्माण कराया जाता है तो कालोनीवासी एकजुट होकर जनआंदोलन करेंगी। लेकिन उक्त स्थान पर टंकी का निर्माण नहीं करने देंगे। इसलिए प्रषासन से रहवासियों ने अनुरोध किया है कि उक्त स्थान को छोड़कर अन्य किसी भी सरकारी स्थान पर टंकी का निर्माण कराया जाये। ज्ञात हो कि कई वर्षो से इस कालोनी को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। यहाॅ पर न तो स्ट्रीट लाईट है, न ड्रेनेज लाईन है न ही रोड की सुविधा है। वार्ड नंबर-05 मोहल्ला चाणक्यपुरी कॉलोनी के सेक्टर सी-56 से सेक्टर सी-66 तक पुरानी ड्रेनज लाईन थी, वह पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो गई है, जिससे मकानों का पानी रोड व गड्ढों में भरा होने के कारण कई बीमारियों को पैदा कर रहे है और घर-घर का गंदा पानी रास्ते पर सदाबहार बहता रहता है। जिससे प्रतिदिन गंदगी का सामना करना पड रहा है। जिससे रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कालोनीवासियों एवं वार्ड के पार्षद द्वारा कई बार सीएमहेल्पलाईन, जनसुनवाई, नगरपालिका के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को शिकायत/लिखित तथा मौखिक रूप से संज्ञान में लाया गया है, उसका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे कॉलोनीवासियों में रोष व्यक्त किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा पानी की टंकी का निर्माण के लिए जो स्थल चयन किया है, वह भी एक मात्र स्थान है, जो कालोनी सभी आयोजन करते है, ऐसे में उक्त स्थान पर कोई भी निर्माण नहीं करने देंगे।

## लोहारी में श्री आई माताजी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 3 से 9 मई तक

### महोत्सव को लेकर सिर्वी समाज सकल पंचों के मार्गदर्शन में तैयारीयां लगभग पूर्ण

**लोहारी (चेतन जिराती)।** धार जिले की कुक्षी तहसील के ग्राम लोहारी में 3 मई से 9 मई तक श्री आई माता जी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर सिर्वी समाज सकल पंचों के मार्गदर्शन में तैयारीयां लगभग पूर्ण कर ली गई है। गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।अखिल भारतीय सिर्वी महासभा केन्द्रीय समिति के सदस्य टीकम जी पवार ने बताया कि महोत्सव के दौरान दिन में सत चंडी महायज्ञ पंडित पुरुषोत्तम जी शर्मा के आचार्यत्व में विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा वहीं



श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का वाचन शिव गुरु उन्हेल उज्जैन द्वारा किया जाएगा। रात्रि में विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम प्रतिदिन संपन्न होंगे। धर्मगुरु दीवान साहब श्री माधवसिंह जी और भावी दीवान कुंवर देवराजसिंह जी एवं उनकी माता रानी साहिबा कुंवर नरेन्द्र कुमारी जी का लोहारी की धन्य धरा पर आगमन 7 मई शाम को होगा और 8 मई को प्रातः उनके सम्मान स्वरूप बंधावा होगा एवं भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। वही रात्रि में धर्मगुरु की धर्म सभा होगी एवं अतिथि सम्मान कार्यक्रम संपन्न होगा। 9 मई को प्रातः बेला में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा,गादी पाट व अखण्ड ज्योत स्थापना धर्मगुरु दीवान साहब एवं जति बाबा महेन्द्र जी महाराज व यज्ञाचार्य पण्डित पुरुषोत्तम जी शर्मा के सानिध्य में संपन्न होगा।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाया समानता पर्व



**नागदा जं. निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, खाचरौद के तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहब की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में समानता पर्व के अंतर्गत व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक जय दीक्षित, और मुख्य वक्ता के रूप में मोहन मकवाना और राष्ट्रीय स्वयं संघ के श्री कमलेश काले ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की महापुरुष किसी जाति धर्म से संबंधित ना होकर राष्ट के गौरव होते हैं और ऐसे महापुरुषों की जीवनी को पुस्तकों के माध्यम से पढ़कर हमें उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए, ताकि हम राष्ट के विकास को उच्चतर स्तर पर ले जा सके। इस अवसर पर परामर्शदाता जय नारायण शर्मा, विक्रम सोंलकी, श्रीमती विष्णु राठौर, श्रीमती विष्णु राठौर, श्रीमती मंजू चावडा, नगर पालिका परिषद, नागदा के पार्षद सतीश केथवास, नवांकुर समिति सदस्य भगवान सिंह डोडिया, वर्मा प्रशिक्षु महेंद्र सिंह राणावत, भीमराज सिंह, योगेंद्र सिंह डोडिया एवं जन अभियान परिषद के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय विकासखंड समन्वयक इंद्रेश पवार ने दिया कार्यक्रम का संचालन योगेश राठौड़ ने किया। आभार नवांकुर समिति अध्यक्ष कमल बैरागी ने माना।



# दुआ और तकदीर से हज नसीब होता है- कुरैशी

**बाकानेर।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट,परख साहित्य मंच, अखिल निमाड़ लोक परिषद ,कौमी एकता कमेटी प्रेस क्लब बाकानेर द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी सामाजिक कार्यकर्ता प्रखर वक्ता,हरदिल अजीज जाकिर कुरेशी धरमपुरी परिवार के साथ पवित्र मक्का मदीना हज यात्रा पर जा रहे है ,हाजियों का स्वागत सम्मान इस्तगबाल शहर काजी सैयद इकबाल अली,काजी सैयद हमीदुद्दीन,सैयद अखलाक अली सैयद रिजवान अली,आदिल खान,समीर खान,साहिल खान,सैयद हुसैन अली ने किया, जाकिर कुरेशी ने कहा दुआ और तकदीर से हज नसीब होता है,बंदे की कोशिश दोस्त रिश्तेदारों घर परिवार वाले की दुआएं भी अहम खास होती है, मै अपने आपको खुश नसीब भारतीय मानता हु सऊदी सरकार द्वारा इस वर्ष हाजियों का कोटा सीमित रखा फिर भी आप सबकी दुआओं से हज का नंबर आगया,मै देश में रहकर मस्जिद ओर सूफी संतों की दरगाह पर तो अमन चैन भाई चारे की दुआएं मांगता आया हु,अब सारे जहान के मालिक के घर मुकद्दस जगह मक्का,मदीना शरीफ मै भी सारे आलम देश दुनिया में अमन चेन भाई चारा कायम रहे दुआएं मांगूंगा ओर मदीने वालों को सलाम कहूंगा।

## नहाने दौरान सगवाल के तालाब में बुजुर्ग की डुबने से मौत

**अमझेरा।** ग्राम सगवाल के रहने वाले 70 वर्षिय बुजुर्ग मोतीराम पुत्र राम भील की तालाब में डुबने से मौत हो गई। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की है जब लोगो के द्वारा तालाब किनारे बुर्जुग की चप्पल व छाता देखा तो शंका होने पर खोजबिन की गई एवं दसाई पुलिस चौकी पर सुचना की गई जिस पर धार से गोताखोर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जिनके द्वारा बुजुर्ग के शव को तालाब से बाहर निकाला गया एवं



अमझेरा अस्पताल पीएम के लिए शव को भेजा गया जहाँ चिकित्सक प्रषांत मेश्रराम के द्वारा पीमए किया गया । अमझेरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है तथा बताया गया कि बुजुर्ग की नहाने के दौरान तालाब में डुबने से मौत हो गई मामले को जांच में लिया गया है।

## अपराधों-चोरियों की रोकथाम के लिए अमझेरा के मुख्य चौराहो व मार्गो पर लगेंगे सीसीटीवी केमरे



**अमझेरा।** अमझेरा थाना प्रभारी डॉ.आयुष जाखड़ (भापुसे) की पहल पर यहाॅ की वर्षो पुरानी मांग मुख्य चौराहो व मार्गो पर सीसीटीवी केमरे लगाने की पुरी होने जा रही है जिसके तहत प्रथम चरण में 8 केमरे लगाये जा रहे है जो अंबेडकर चौराहा,नृसिंह दरवाजा एवं बख्तावर मार्ग नाके पर लगाये जाऐगे जिसके लिए रविवार को थाना प्रभारी जनप्रतिनिधियों के साथ केमेरे लगाने वाले स्थानो का निरीक्षण किया गया तथा बताया कि यहाॅ ग्राम पंचायत व जनप्रनिधियों एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से मुख्य चौराहो व मार्गो पर केमरे लगाने की प्रकिया की जा रही है जिससे अपराधो एवं चोरियों पर अंकुष लग सकेगा । उल्लेखनिय है कि शांति समिति की बैठक में वर्षो पुर्व ही मार्गो पर सीसीटीवी केमरे लगाने का प्रस्ताव पारित हो गया था किन्तु अभी तक केमरे नहीं लगे थे लेकिन थाना प्रभारी श्री जाखड़ की पहल से अब केमरे जनसहयोग से लगाये जा रहे है जिसकी पत्रकार साथीयों के द्वारा भी प्रषंसा की गई।



## महेश नवमी पर्व हेतु माहेश्वरी समाज की सामूहिक बैठक

**नागदा जं. निप्र।** माहेश्वरी समाज नागदा द्वारा आगामी महेश नवमी 4 जून को लेकर सामूहिक बैठक सम्पन्न हुई। समाजजनों द्वारा इसे धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समाज सचिव प्रतीक गगरानी ने बताया की नागदा नगर में 3 जून को भव्य वाहन रैली एवं 4 जून को भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सामूहिक बैठक की अध्यक्षता सुभाष गगरानी द्वारा की गई। सामूहिक बैठक के दौरान पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष घनश्याम राठी, गोविंदलाल मोहता, सतीश बजाज, नरेंद्र राठी,गिरिराज मालपानी, देवकरण डांगरा, महेंद्र बिसानी, आनंदी लाल गगरानी अशोक बिसानी, राजकुमार मोहता, झमक राठी, दुर्गाप्रसाद खटोड, सौरभ मोहता, प्रशांत राठी, अतुल मालपानी, पवन राठी, प्रतीक सोडानी, प्रियेश मोहता, विपिन मोहता उज्जैन माहेश्वरी महिला संगठन जिलाध्यक्ष महिला श्रीमती सीमा मालपानी, ऋषिता खटोड,उर्मिला डांगरा, ज्योति गगरानी, सुनीता राठी, सीमा राठी, वर्षा झंवर, प्रियंका राठी, सुरभि राठी आदि समाज जन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बांटे निमंत्रण पत्र



**नागदा जं. निप्र।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल बुधवार को शहर में आयोजित होने वाले कन्या विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए रविवार शाम भाजपा ने शहर में निमंत्रण पत्र बांटे। बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन के अनुसार बुधवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में जो जोड़े शामिल हो रहे है। उनके परिजनों की एक बैठक हमने कर सभी को दिशा निर्देश बताए ताकि सुलभता से यह समारोह आयोजित हो सके। तत्पश्चात शहर में निमंत्रण कार्ड बांट विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए पधारने की अपील समस्त नगरवासियों से की। इस अवसर पर पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त सुल्तान सिंह शेखावत, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, रामसिंह शेखावत, मंडी मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, राजेन्द्र अवाना, बबिता रघुवंशी आदि मौजूद रहे।जानकारी लोकेंद्र तंवर ने दी।

# कष्ट भंजन मंदिर ट्रस्ट में पहलगाम में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**मनावर।** कष्ट भजन मंदिर और ट्रस्ट में कल शाम को पहलगाम कश्मीर में मारे गए भारतीय परिजनों की पवित्र आत्मा की शांति के लिए कष्टभंजन धाम दाहोद मंदिर परिषद मे परम श्रदेय गुरुदेव श्री शांति स्वामी जी के मार्गदर्शन में मोमबत्ती जलाकर व गायत्री मंत्र का जाप कर पवित्र आत्माओं की शांति की कामना की इस अवसर पर बड़ी मात्रा में मातृशक्ति और देव तुल्य पुरुष उपस्थित रहे। परमपिता परमात्मा वह जीवन दायिनी मां नर्मदा जी श्री दादा कष्टभंजन हनुमान जी पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।





# पीएम आवास योजना की अंजनिया में उड़ रहीं धज्जियां

**मनावर।** धार जिला मनावर तहसील के ग्राम आजनिया मे विगत चार वर्षो से मजदूरी नहीं मिली साथ ही शोचालय निर्माण की राशि भी नदारद पंचायत रोजगार सहायक की बल्ले बल्ले,

वर्ष 21-22 में प्रधानमन्त्री आवास योजना राशि 1लाख 20 हजार रूपये हितग्राही को प्राप्त हुआ। आवास निर्माण हेतु भवन निर्माण कार्य एन आर जी एस मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। और शौचालय की राशी को भुगतान नहीं हुका है। आईए आपको बताते है धार जिले के मनावर तहसील की एक ऐसी ग्राम पंचायत जिसके रोजगार सहायक ने प्रधानमंत्री आवास का जमकर लाभ उठाया । यह कहानी नहीं हकीकत है जनपद पंचायत मनावर के ग्राम पंचायत अंजनिया की जिसके रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समस्या हितकारी को लाभ दिलाने की एवज में जमकर वसूली की।





## सी.एम.राईज बाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**बाग।** शासन के निर्देशानुसार सी.एम.राईज विद्यालय बाग में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त दोनों प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन में बच्चों ने माता देवी अहिल्याबाई के जीवन , आदर्शों तथा उनके द्वारा किए गये लोककल्याण के कार्यों का वर्णन किया।साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में देवी अहिल्याबाई के आकर्षक पोस्टर बनाकर उनकी लोकमाता एवं राजमाता की सुंदर छवि को अपने चित्रों में रेखांकित किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने बच्चों के समक्ष लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किए गए जनहित कार्यों को याद किया। इस अवसर लक्ष्मीनारायण पंवार, राजेंद्र सिंह झाला,प्रतिभा उपाध्याय, दिव्या कोकने,राधा शर्मा,ममता अनारे, नीतू यादव, प्रताप सिंह सोलंकी,भाव सिंह मुजाल्दा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक धार शाखा केसूर के नवीन भवन का शुभारंभ

**धार।** संयुक्त कलेक्टर शाश्वत शर्मा की अध्यक्षता एवं उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक सुश्री वर्षा श्रीवास की गरिमामयी उपस्थिति में शनिवार को जिला सहकारी केन्द्रीय केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार की शाखा केसूर का नवीन एवं आधुनिक परिसर का लोकार्पण, जिले के कृषकों को बैंक की नवीन सेवाओं का शुभारंभ एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात् शाखा केसूर के नवीन एवं आधुनिक परिसर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि जिला बैंक धार के शताब्दी वर्ष पर तथा शाखा केसूर के नवीन भवन शुभारंभ होने पर क्षेत्र के कृषक सदस्यों एवं बैंक कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

इस अवसर पर बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रायकवार द्वारा स्वागत भाषण में बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई एवं माइक्रो एटीएम से कृषको को नगद भुगतान एवं खाद वितरण के बारे में अवगत कराया गया। उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक द्वारा ÷सहकार से समृद्धि÷ योजनाओं एवं कृषकों को सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र में शासन की प्रचलित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा कृषक सदस्य माणकलाल खेमराज,, कैलाशचन्द्र पन्नालाल, सुरेशचन्द्र खेमराज मदनलाल सालीग्राम, मोहनलाल रामेश्वर, विष्णुकुमार छगनलाल एवं महेन्द्र कुमार बाबुलाल को माईक्रो एटीएम के माध्यम से केसीसी कार्ड एवं रूपे डेबिट कार्ड वितरण कर एकल भुगतान खिडकी सुविधा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि दिलीप सिंह दरबार जनपद प्रतिनिधि, फुलसिंह वर्मा सरपंच केसूर, मोहनसिंह राजावत पूर्व जनपद सदस्य मंच पर उपस्थिति रहे एवं शाखा केसूर नवीन भवन के शुभारंभ पर बधाई दी। बैंक प्रशासक द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की।

### चौरासी पंच कुमरावत तम्बोली समाज के नवीन अध्यक्ष का स्वागत, कार्यकारिणी की घोषणा

# समाज को सर्वोपरि मानकर सभी समाज हित के कार्य करें - राजकुमार मालवी



**बाग।** चौरासी पंच कुमरावत तंबोली समाज की कार्यकारिणी का दिनांक 27/4/2025 रविवार को बेटमा में बैठक आयोजित कर समाज के वरिष्ठो के सानिध्य मे समाज के नवागत अध्यक्ष राजकुमार मालवी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की । जिसमें श्री जवाहर कुमरावत इन्दौर, बाबूलालजी मोदी देवास को उपाध्यक्ष बनाया गया । सचिव हिमांशु जी पटेल अमझेरा, कोषाध्यक्ष महेश कुमरावत बेटमा, मार्गदर्शक राधेश्याम कुमरावत मानपुर एवं नंदकिशोर कुमरावत सिमरोल को बनाया गया । सहसचिव चिन्तामण पटेल बालगढ़, सह कोषाध्यक्ष देवीलाल कुमरावत सिमरोल एवं तीन महामंत्री बनाए गये जिसमें कान्तिलाल मोदी अमझेरा, लक्ष्मीकांत पटेल इन्दौर ,विष्णू भारतीय कन्नोद, संगठन मंत्री जानकीलाल मोदी नागदा एवं अरूण कुमरावत मानपुर, मिडिया प्रभारी में अमित मोदी इन्दौर, संजय कुमरावत बेटमा,अजय काकरीवाल हाट पिपल्या, सामाजिक प्रवक्ता में शंकरलालजी मोदी देवास, मुकेश मोदी नागदा को स्थान दिया गया है । प्रचार मंत्री चिंतामण मोदी बालगढ़, राधेश्याम मोदी हासलपुर, राजेश कुमरावत बेटमा, कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मीनारायण मोदी कम्पेल, शांतिलाल कुमरावत दिलावरा, स्वास्थ्य मंत्री लोकेश कुमरावत एवं डॉ. जीवन मोदी इन्दौर को बनाया गया । नवीन कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात चौरासी पंच के नवागत अध्यक्ष श्री राजकुमार मालवी द्वारा सभी कार्यकारिणी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई दी गई। चौरासी पंच के अध्यक्ष राजकुमार मालवी ने बताया की समाज के वरिष्ठो के सानिध्य में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई हैं ।इसी घोषणा के साथ सभी को मिलकर समाज हित के विकास और समाज हित के कार्य करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने कि सलाह दी गई हैं । मालवी ने बताया की समाज ही सर्वोपरि होता है पहली प्राथमिकता अपने समाज को देना चाहिए क्योंकि समाज से ही हमारी पहचान है, समाज को आगे बढ़ाना पहला लक्ष्य हमारा है। इसीलिए चौरासी पंच की नवीन कार्यकारिणी के साथ सभी 13 पंचायतो के पांच पांच सदस्यों को भी कार्यकारिणी में लिया गया है।

## स्कूलों को राष्ट्रीय कुश्ती में मप्र ने 3 पदक जीते





**इंदौर।** मप्र कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ने बताया कि दिल्ली के छत्रशाल स्टेडियम मे संपन्न हुई अंडर19 स्कूल नेशनल गेम में मप्र के पहलवानों ने 3 पदक जीते, 57kg सुखमन कौर ने रजत जीता 71kg निश्चित जैसवाल और गगन ग्वाला ने कस्य पदक जीते। जिसमें महिला पहलवान फ़ाइनल में पहुंचने में सफल रही,इनके साथ कोच के रूप में रिंकु यादव इंदौर व अदित्य रैकवार गये थे,इनके प्रदर्शन पर ओम्पियन पप्पू यादव,विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री,सुरेश यादव,गोविंद गुज्जर,विकाश यादव,सचिन यादव,सुरेश राणे ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शुभमन बोले, जिनसे मिला ही नहीं उनसे मेरा नाम जोड़ा गया



**मुम्बई (ई)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज और आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल अपने खेल के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चाओं में बने रहते हैं। कुछ समय पहले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के साथ उनके नाम को जोड़ा गया था। इसके बाद वह बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के साथ भी देखे गए। वहीं हाल में एक साक्षात्कार में शुभमन ने इन सभी बातों को आधारहीन बताया है। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा कि मेरा नाम ऐसे लोगों से जोड़ा गया है जिनसे मैं कभी मिला ही नहीं। इसलिए मुझे इन बातों पर हैरानी होती है। मैंने कुछ लोगों को अपने जीवन में कभी देखा तक नहीं, फिर भी मेरे बारे में ऐसी बातें फैलती हैं। साथ ही कहा कि उनका पूरा ध्यान इस समय अपने करियर पर है आर रिलेशनशिप के लिए उनके पास न तो समय है और न ही रुचि।

सारा तेंदुलकर के साथ उनकी कथित डेटिंग की अफवाहें सोशल मीडिया के एक इंस्टाग्राम कमेंट से शुरू हुई थीं हालांकि दोनों को कभी सार्वजनिक रूप से एक साथ नहीं देखा गया। इसके अलावा, शुभमन का नाम पहले अभिनेत्री सोनम बाजवा के साथ भी जोड़ा गया था, लेकिन इन अफवाहों में भी कोई सच्चाई नहीं पाई गई।

# बेंगलुरु ने दिल्ली को 6 विकेट से हराया

## क्रुणाल और कोहली ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर जिताया ; भुवनेश्वर को 3 विकेट

**नई दिल्ली।** IPL के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर भी पहुंच गई। अरुण जेटली स्टेडियम में RCB ने बॉलिंग चुनी।

विराट कोहली को औरेंज कैप विराट कोहली ने आज अर्द्धशतक के साथ कुल 443 रन बना परपल कैप फिर से हासिल करली।

दिल्ली ने 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।163 रन के चेज में RCB ने 26 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से विराट कोहली और क्रुणाल पंड्या ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की पार्टनरशिप की और टीम को जीत दिलाई। क्रुणाल ने 73 और कोहली ने 51 रन बनाए। भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट लिए। आखिरी 2 ओवर में RCB को 17 रन चाहिए थे। यहां मुकेश कुमार बॉलिंग करने आए। उनके खिलाफ टिम डेविड ने 1 छक्का और 3 चौके लगाकर ऋष्क्र को जिता दिया। 18वें ओवर में RCB ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल दुष्मंथा चमीरा ने लेग कटर फेंकी।

विराट कोहली ने इनसाइड आउट शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 51 रन बनाए। कोहली ने क्रुणाल पंड्या के साथ 119 रन की पार्टनरशिप भी की। 17वें ओवर में विराट कोहली ने फिफ्टी लगा दी। ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने मुकेश कुमार के



खिलाफ सिंगल लिया और 45 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। इसी सिंगल के साथ उन्होंने क्रुणाल पंड्या के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। 15वें ओवर में ऋष्क्रके क्रुणाल पंड्या ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर अक्षर पटेल के खिलाफ चौका लगाया और 38 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। पावरप्ले में 3 विकेट गंवाने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वापसी की। टीम ने अगले 4 ओवर में बगैर नुकसान के 29 रन बनाए। 10 ओवर के बाद RCB का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 64 रन रहा। 163 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी RCB ने पावरप्ले में 3 विकेट गंवाए। टीम 6 ओवर के बाद 35 रन ही बना सकी।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू शीर्ष परपहुंची

| नंबर | टीम | खेले | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 0 | 14 | +0.521 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | +1.104 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.889 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +0.482 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 1 | 11 | +0177 |
| 6. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | -0.325 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | +0.212 |
| 8. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 | -1.103 |
| 9. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.625 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.302 |

### ओम सोनी चेयरमेन, आलोक खरे अध्यक्ष, नीलेष वेद सचिव

## जिला टेबल टेनिस संगठन के चुनाव संपन्न

इंदौर। स्थानीय अभय प्रशाल में संपन्न हुई इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन की साधारण सभा की बैठक में ओम सोनी चेयरमेन, आलोक खरे अध्यक्ष तथा नीलेश वेद पुन: सचिव चुने गये है। बैठक की अध्यक्षता म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के चेयरमेन ओम सोनी ने की। आगामी चार वर्षों (2025-2029) के लिए कार्यकारिणी चुनी गई जो इस प्रकार है--







चेयरमेन - ओम सोनी अध्यक्ष - आलोक खरे संरक्षक - नरेन्द्र कौशिक, डा0 दिवाकर शाह सलाहकार - जयेश आचार्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष - प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, प्रमोद गंगराडे उपाध्यक्ष - आर.सी. मोर्या, शिरीष भागवत, अनिल बारगल, व्हाय.एस. चौहान सचिव - नीलेश वेद कोषाध्यक्ष - नरेन्द्र शर्मा संयुक्त सचिव - गौरव पटेल, संजय मिश्रा, प्रशांत व्यास, गगन चंद्रावत, नीलेश परदेशी सदस्य - प्रशांत महंत, अमित कोटिया, गुरदिप सिंह, प्रतीक जैन।

सभा में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष ओम सोनी ने घोषणा की प्रति वर्ष होने वाली स्पर्धाओ के अलावा इंदौर जिला टे.टे. संगठन द्वारा मध्य प्रदेश राज्य टे.टे. स्पर्धा के साथ ही इस वर्ष से अंतर महाविद्यालयीन व अंतर संस्थान टे. टे.स्पर्धाओ का आयोजन भी किया जायेगा। संगठन के महासचिव जयेश आचार्य ने इंदौर जिला संगठन की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए म.प्र.टे.टे. संगठन का प्रमुख सहयोगी बताया। स्वागत षिरीष भागवत, गुरदीप सिंह, अनिल बारगल आदि ने किया। बैठक का संचालन जिला सचिव निलेश वेद व आभार कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता योगासन भारत में इंदौर के मदरलैंड स्कूल के छात्र राज राजोले को स्वर्ण पदक

इंदौर। राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता योगासन भारत में मध्य प्रदेश के इंदौर से मदरलैंड स्कूल के छात्र राज राजोले ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, वे मध्यप्रदेश इंदौर के एकमात्र विद्यार्थी थे जिनका चयन हुआ था। राज राजोले ने प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 21 देश के प्रति भाइयों को पहचानते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मदरलैंड स्कूल के छात्र राज राजोले के स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर स्कूल के संचालक सुरजीत सिंह वालिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लगातार स्कूल शिक्षा के साथ साथी खेल गतिविधियों में भी बच्चों को प्रोत्साहित करता है, राज के स्वर्ण पदक होने पर बधाइयां दी और स्कूल द्वारा जल्द ही राज को सम्मानित किया जाएगा।

### सोमांश शर्मा व कार्तिक पाटील के उम्दा प्रदर्शन से

## देव्ज एकेडमी की शानदार जीत



इन्दौर। आईडीसीए के तत्तावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित स्व. सतीश चन्द्र गोठी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज देव्ज एकेडमी एवं सीसीआय के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट पर 218 रन बनाये। कार्तिक पाटील ने 59 रन एवं सोमांश शर्मा ने 50 रन, पवित्र पाटील ने 31 रन एवं दर्शन जैन ने 30 रनों का योगदान दिया। अविनाश पंवार ने 3 विकेट एवं रेहान अली ने 2 विकेट लिये। जवाब में सीसीआय की टीम 49 ओवरो में 181 रनों पर सिमट गई और यह मैच 37 रनों के अंतर से हार गई। मो. जुल्फीकार ने सर्वाधिक 52 रनों का योगदान दिया। पवित्र पाटील ने 3 विकेट तथा कार्तिक पाटील व लाभांष ने 2-2 विकेट लिये।

## एमपीएल में पुरुष की 7 और महिलाओं की 3 टीमें होंगी



**इंदौर** । मध्यप्रदेश क्रिकेट के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग सिंधिया कप का आयोजन इस बार इंदौर शहर में होने जा है। रविवार को सभी टीमें इस वर्ष के लिए अपने-अपने खिलाड़ियों का चयन प्लेयर ड्रॉफ्ट कार्यक्रम में किया। इस विशेष कार्यक्रम के लिए इस लीग को अपने विजन व श्रम से आरंभ करने वाले एमपीएल के गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया एवं लड़कियों की नई टीमों के गठन पर प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया भी उपस्थित रहे. इस बार की पुरुष टीम में ग्वालियर चिताह, जबलपुर रॉयल लायंस, बुन्देलखण्ड बुल्स, रीवा जाग्वार्स, भोपाल लियॉपर्ड्स, चंबल घड़ियाल, पिंक पैंथर्स की टीमें खेलेंगी। वहीं तीन महिला टीमों का भी होगा आगाज होगा, जिसमें चंबल घड़ियाल, बुंदेलखंड बुल्स, भोपाल वूल्व्स की टीमें खेलेंगी। मध्य प्रदेश लीग सिंधिया कप का आगाज पिछले वर्ष ग्वालियर में नवनिर्मित माधव राव सिंधिया स्टेडियम में हुआ था, पिछले वर्ष पांच पुरुष टीमों के बीच जंग हुई थी, जिसमें जबलपुर लायंस ने सिंधिया कप जीता था।

गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने बताया कि हम इस बार एमपीएल का दूसरा चरण इंदौर में कराने जा रहे है। पहले चरण में हमें जो सफलता मिली थी, उसके बाद हमारे साथ और लोग जुड़ रहे है, इस बार सात टीमें पुरुष वर्ग में खेल रही है। पहली बार महिलाओं की भी टीमें टी-20 लीग खेलेंगी। जिसमें तीन टीमें तय की गई है। जिस तरह हमारे खिलाड़ी आईपीएल में जोर प्रदर्शन कर रहे है, उससे खिलाड़ियों में उत्साह है। यहां पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले को आतुर है।

### इंदौर में लिया

### तैयारियों का जायजा

रविवार को दोपहर को एमपीएल के गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया एवं प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया होलकर स्टेडियम पहुंचे। पहले उन्होंने होलकर स्टेडियम में बन रहे म्यूजीयम को देखा। इसके बाद महाआर्यमन ने एमपीसीए के पदाधिकारियों के साथ एमपीएल को लेकर बैठक की। एक माह बाद होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए और क्या जरूरत पड़ेगी, पार्किंग से लेकर दर्शकों को दी जाने वाली सुविधाओं, मैचों का समय क्या रखा जाएगा इस पर चर्चा हुई। मई और जून में होने वाले इस टूर्नामेंट के समय बारिश की भी संभावनाओं पर चर्चा की गई।

## आई.पी.एस.सी. शूटिंग चैंपियनशिप - 2025 का उद्घाटन



**इन्दौर।** डेली कॉलेज द्वारा 26 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक आयोजित की जा रही 20वीं बालक एवं 17वीं बालिका अखिल भारतीय आईपीएससी शूटिंग चैंपियनशिप - 2025 का उद्घाटन 26 अप्रैल, 2025 को संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डेली कॉलेज के उपप्राचार्य (पैस्टोरल केयर) श्री तुषार भारद्वाज थे।

देशभर के निम्नलिखित 24 विद्यालय इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैंबी. के. बिरला सेंटर फॉर एजुकेशन, पुणे; डीपीएस आर.के. पुरम, नई दिल्ली; एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर; जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा; कित्तूर रानी चन्नम्मा रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल फॉर गर्ल्स, कित्तूर; लॉरेंस स्कूल, सनावर; मेयो कॉलेज, अजमेर; मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, अजमेर; महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल, जयपुर; मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड; पाइनग्रोव स्कूल; राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून; राजकुमार कॉलेज, रायपुर; राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर; राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर; राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, धौलपुर; द दून स्कूल, देहरादून; द हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट; द पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा; द राजकुमार कॉलेज, राजकोट; द सिंधिया स्कूल, ग्वालियर; वेल्हम गर्ल्स स्कूल, देहरादून; यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, मोहाली और यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला।

इस प्रतियोगिता में कुल 300 निशानेबाज़ भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में 10 मीटर एयर पिस्टल, 10 मीटर एयर राइफल (ओपन साइट) और 10 मीटर एयर राइफल (पीप साइट) स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह चैंपियनशिप 1 मई, 2025 को संपन्न होगी।

# राजस्थान रायल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस

जयपुर (ई)। आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी। इस मैच में टाइटंस का लक्ष्य जीत हासिल कर नंबर एक पर बने रहना है। टाइटंस ने अब तक आठ मैचों में से छह में जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे अधिक 12 अंक हासिल किये है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम 4 अंकों के साथ 9वें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में टाइटंस की टीम जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि रॉयल्स को घरेलू मैदान का लाभ जरुर मिलेगा पर इसके बाद भी वह काफी कमजोर है। टाइटंस की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी अच्छी है। उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह औरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा सबसे अधिक विकेटों के साथ ही पर्पल कैप के नंबर एक दावेदार हैं। इसके अलावा टीम के पास कप्तान शुभमन और और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज भी हैं। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद ही प्लेऑफ की रैस से बाहर हो गयी थी। नौ मैचों में सातवीं हार के साथ ही वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। रॉयल्स की टीम इस सत्र में करीब तीन मैचों में जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी है। पिछले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही। टीम के नियमित कप्तान संजू सैमसन चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं ऐसे में रॉयल्स की कप्तानी रियान पराग करेंगे। पिछले मैच में भी पराग ही कप्तान थे। टीम की बल्लेबाजी यशस्वी जायसवाल के अलावा नितीश राणा और वैभव सूर्यवंशी पर आधारित रहेगी।




रॉयल्स की गेंदबाज वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर पर आधारित रहेगी जबकि गुजरात की गेंदबाजी कृष्णा के अलावा मो सिराज पर निर्भर करेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:-**

**राजस्थान रॉयल्स:-** रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, नितीश राणा, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महेश तीक्षाना, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, कुमार कार्तिकेय, युद्धवीर सिंह चरक, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, केवेना मफाका, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (चोटिल)

**गुजरात टाइटंस:-** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कागिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

## कृष्णा भविष्य में भारतीय टीम के लिए भी बड़ी भूमिका निभाएंगे : रायुडू

**नई दिल्ली (ई)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। कृष्णा ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। वह अभी तक सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के कारण पर्पल कैप के दावेदार हैं। गुजरात की टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी ओर से कृष्णा ने अब तक 16 विकेट लिए हैं। कृष्णा पिछले काफी समय से फिटनेस की दिक्कतों के कारण खेल से दूसरे थे पर इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में छह विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायीं थीं। इसके बाद से ही वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं।

रायुडू ने कहा, वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनकी ताकत पिच पर जोरदार तरीके से गेंद फेंकना है। उनकी गेंदबाजी में बहुत सारी विविधताएं हैं, उनकी धीमी गेंद भी काफी प्रभावी है। मुझे लगता है कि वह न केवल गुजरात ही नहीं भारतीय टीम के लिए भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## पंजाब किंग्स आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 200 से ज्यादा रन बनाने वाली तीसरी टीम बनी

**कोलकाता (ई)।** पंजाब किंग्स आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200 रन बनाने वाली तीसरी टीम बनी है। पंजाब ने अब तक 28 बार 200 से ज्यादा रन बनाये हैं। वहीं मुम्बई इंडियंस और केकेआर ने आईपीएल मैच में अब तक 27-27 बार 200 या इससे ज्यादा रन बनाये है। आईपीएल में एक पारी में सबसे ज्यादा बार 200 रन बनाने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नाम है। सीएसके ने 33 बार 200 या इससे ज्यादा रन एक पारी में बनाए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने 32 बार ये उपलब्धि हासिल की है। केकेआर और एमआई ने 27-27 बार और राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने 23- 23 बार इस आंकड़ा हासिल किया है। दिल्ली कैपिटल्स अब तक 18 बार, गुजरात टाइटन्स ने 11 बार और लखनऊ सुपर जायंट्स 10 बार 200 का आंकड़ा हासिल करने में सफल रही है।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 200 रन बनाने वाली टीमें**

- 33 बार - चेन्नई सुपर किंग्स
- 32 बार - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू
- 28 बार - पंजाब किंग्स
- 27 बार - कोलकाता नाइट राइडर्स
- 27 बार - मुंबई इंडियंस
- 23 बार - राजस्थान रॉयल्स
- 23 बार - सनराइजर्स हैदराबाद
- 18 बार - दिल्ली कैपिटल्स
- 11 बार - गुजरात टाइटन्स
- 10 बार - लखनऊ सुपर जायंट्स





आशीष सकलेचा, जावरा
9827797229

## राग दरबारी



# झुठे का बोल बाला और सच्चे का मुंह काला

हमे बचपन से ही यह संस्कार दिए जाते है की हमेशा सच बोलना चाहिए और हम उसी राह पर चलते है, परंतु राजनीति की चौखट पर कदम रखते ही वह संस्कार खुटी पर टंग जाते हैं । कहते है झुठ के पैर नही होते है इस बात पर यकीन कही होता, क्योंकि राजनीति मे तो वह इस कदर दौड़ता है जैसे दौड़ प्रतियोगिता मे कोई प्रतियोगी दौड़ता है । अब आप ही सोचे कि बिना पैरो वाला इस तरह से कैसे दौड़ सकता है।

राजनीति मे सच जब तक जूते पहन रहा होता है तब तक झूठ आधी दुनिया घुम लेता है। बात बहुत छोटी है, परंतु आज के राजनीतिक दौर को बया करती है। राजनीतिक मे हर कोई सत्ता की दौड़ मे है और इस दौड़ मे सफल होने का पैतरा है ÷ झुठ ÷। इसके बल,दम, सहारे नेता सत्ता के सिंहासन पर पहुंचना चाहते है। बस जो जितना अच्छे तरीके से झुठ जनता की थाली मे परोस देता है, सत्ता उसकी हो जाती है । इसलिए सत्ता के लिए झुठ सौ तालो की एक चाबी है, अर्थात सत्ता हासिल करने का एक मार्ग है। पर इन सबके विपरीत पुरे गांव के अपनी ईमानदारी के लिए पहचाने जाने वाले ईमानदार छगनलाल ने तो सच का चोला पहन कर राजनीति मे प्रवेश करने का दु स्साहस किया, परंतु जिस तरह से बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है उसी तरह झुठ ने सच्चे छगनलाल को राजनीति से बाहर कर दिया ।

छगनलाल को राजनीतिक शतरंज मे पीटता देख मगनलाल को अब यह अच्छी तरह से समझ मे आ गया था की सच की राह पर चल कर राजनीति करना वर्तमान परिदृश्य मे ÷ टेढ़ी खीर है और झुठ की राह पर चल कर राजनीति करना तो चाय मे बिस्किट घोलने जैसा सहज और आसान है। इसलिए मगनलाल ने राजनीति मे कदम रखत ही झुठ बोलो, जोर से बोलो। की नीति को अपना लिया । वास्तव मे यह नीति उसके लिए वरदान साबित हुई । इस नीति से वह एक नही अनेक बार पंच और सरपंच बन गया। मगनलाल को देख छगनलाल को मलाल हो रहा था की काश। वो भी बचपन के संस्कारों को ताक मे रख कर राजनीति की झुठ बोलो, जोर से बोलो की नीति को अपनाता तो आज उसकी भी पांचो उंगलियां घी मे और सर कढ़ाई में होता। इसलिए अब उसने तय किया की वो अपने बच्चो को व्यवहारिक संस्कार के बजाय राजनीतिक संस्कार देगा। क ख ग घ की जगह राजनीति की ए बी सी डी सिखाएगा। ताकी वे कभी उसकी तरह राजनीति मे विफल न हो।

झुठे का बोल बाला और सच्चे का मुंह काला यही

राजनीति है, इसलिए जरा देख कर चलना भाई !

# पोस्टर पॉलिटिक्स... सिंधिया को बताया राजनेताओं में सिकन्दर



**हाथी, घोड़े, तोप, तलवारें, फौज तो तेरी सारी है, पर विकास के लिए तत्पर राजा मेरा, अब भी सब पर भारी है**

इंदौर। मप्र में समय-समय पर नेताओं के समर्थक पोस्टर लगाकर अपने नेता का महिमा मंडित करते रहते हैं। पोस्टर पॉलिटिक्स का ताजा मामला ग्वालियर में देखने के लिए मिला है। ग्वालियर के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी रोड स्थित डिवाइडर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक ने ऐसा पोस्टर लगाया है जो चर्चाओं में आ गया है। पोस्टर में सिंधिया को राजनेताओं में गरीब, शोषित दलितों का सिकन्दर बताया है। साथ ही हाथी, घोड़े, तोप तक का जिक्र करते हुए, राजनेताओं में सिंधिया को सबसे भारी नेता भी बताया है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शनिवार को ग्वालियर प्रवास पर आए हुए थे। इस दौरान उनके कट्टर समर्थक पुरुषोत्तम बनोरिया ने उनके स्वागत में पोस्टर लगाए। लेकिन इन पोस्टरों ने सियासी गर्माहट को बढ़ा दिया है। क्योंकि पोस्टर में सिंधिया को सिकंदर बताते हुए राजनेताओं में सबसे भारी नेता बताया गया है। पहले पोस्टर में सिंधिया को स्किन्दर बताया गया है। पोस्टर में सिंधिया के फोटो के साथ लिखा है गरीब, शोषित, दलितों का सिंकदर, दूसरे पोस्टर में सिंधिया के फोटो के साथ लिखा हाथी, घोड़े, तोप, तलवारें, फौज तो तेरी सारी है, पर विकास के लिए तत्पर राजा मेरा, अब भी सब पर भारी है।

### कांग्रेस ने साधा निशाना

इस पोस्टर को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने सिंधिया के साथ भाजपा संगठन पर निशाना साधा है। धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि ग्वालियर चंबल अंचल में भाजपा की गुटबाजी एक बार फिर पोस्टर के जरिए उजागर हुई है। सिंधिया के साथ ही भाजपा सांसद भारत सिंह कुशवाह के समर्थक एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। यह पोस्टर बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में भाजपा की गुटबाजी और ज्यादा बढ़ाने वाली है। लेकिन परेशानी इस बात की है कि कोई भी विकास की बात नहीं कर रहा है। इस गुटबाजी के कारण ग्वालियर विकास के लिए तरस रहा है। विकास के लिए दोनों नेताओं के बीच श्रेय की होड़ देखने मिल रही है। हालांकि सिंधिया समर्थक पुरुषोत्तम बनोरिया का कहना है कि भाजपा में कोई भी गुटबाजी नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में एयरपोर्ट, स्टेशन, नया बस अड्डा, एलिवेटेड रोड सहित कई बड़े विकास कार्यों को जनता के लिए समर्पित किया है। पोस्टर का उद्देश्य उनके प्रति सम्मान जाहिर करना है।

### कार्टून कोना...




# छह महीने से बेघर प्रदेश के मुख्य सचिव

इंदौर। वाकई मप्र अजब है गजब है। मप्र में जहां एक ओर अपात्र माननीय यानी जो न मंत्री हैं, न विधायक हैं वे बड़े-बड़े सरकारी बंगले में रह रहे हैं, वहीं प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया को 6 महीने में एक अदद सरकारी बंगला नहीं मिल पाया है। मप्र से लेकर केंद्र सरकार में बड़ी और अहम जिम्मदारी संभाल चुके 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन जब मप्र के 35वें मुख्य सचिव बने तो लगा था कि शासन-प्रशासन उन्हें हाथों-हाथ लेंगे। लेकिन विडंबना यह है कि जैन को पदभार संभाले 6 माह हो गए हैं, लेकिन अभी तक वे बेघर हैं।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव अनुराग जैन फिलहाल रेस्ट हाउस में रह रहे है। लंबे समय बाद मुख्य सचिव के लिए जिस बंगले को आवंटित किया गया, वह चार इमली स्थित बी-4 बंगला है। इसमें में बुधनी के विधायक रमाकांत भार्गव रह रहे है। मुख्य सचिव को यही आवास आवंटित किया गया है। सरकार ने रमाकांत भार्गव को नोटिस भेज इस बंगले को जल्द खाली करने के लिए कहा है।

वहीं रमाकांत को विधायक विधानसभा पूल से दूसरा आवास आवंटित किया गया है। रमाकांत भार्गव ने अभी तक बंगला खाली नहीं किया है।




**मनमानी-न मंत्री, न विधायक फिर भी बड़े-बड़े बंगलों पर कुंडलीमार कर बैठे माननीय**

**-सांसद की पात्रता से मिले बंगले को विधायक रमाकांत भार्गव के खाली करने का इंतजार**

### -चर्चित रहा बी-4 बंगला

यह वही बंगला है, जिसे 2020 में कमलनाथ की सरकार गिरते ही पूर्व मंत्री पीसी शर्मा से रातों रात खाली कराकर शिवराज सरकार ने विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव को दे दिया था।

जून 2024 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। इसके बावजूद रमाकांत भार्गव ने छह महीने तक बंगला खाली नहीं किया। इसके बाद वे नवंबर 2024 में बुधनी उपचुनाव में विधायक चुने गए। इस बंगले की साज-सज्जा में शासन के लाखों रुपये खर्च किये गए है।

### - 3 अक्टूबर को संभाला था कार्यभार

3 अक्टूबर 2024 को अनुराग जैन ने मुख्य सचिव का पद संभाला था। छह महीने बीतने के बावजूद प्रदेश का शीर्ष अफसर आज भी सरकारी निवास की प्रतीक्षा में है। यह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह सत्ता के समीकरणों में नियम-कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। मुख्य सचिव जैसे पद के साथ इस तरह का ढुलमुल रवैया नौकरशाही में अनुशासन और व्यवस्था के लिहाज से बेहद चिंताजनक है। यह प्रशासनिक विफलता है, एक खतरनाक संदेश यह भी जा रहा है कि मुख्य सचिव को आवास आंवटित होने के बाद भी सरकार बंग्ले को खाली नहीं करा पाई। वहीं मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के बीच समन्वय को लेकर मंत्रालय में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### - नहीं मिल रहा फ्री हैंड

अनुराग जैन मप्र एवं केन्द्र में अपनी कर्तव्य निष्ठा के रुप में उनकी पहचान है। उन्होंने केन्द्र में पीएमओ, परिवहन मंत्रालय एवं अन्य विभागों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया है। मप्र के मुख्य सचिव के रुप में जो आशा की जा रही थी, उसके अनुसार उन्हें शायद फ्री हैंड नहीं मिला है। जिसकी चर्चा मंत्रालय में होने लगी है। जिसका असर शासन और प्रशासन में देखने को मिला रहा है।

### - पात्रता नहीं होने के बावजूद सरकारी बंगले पर काबिज

प्रदेश के पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, रामपाल सिंह चुनाव हार चुके हैं, लेकिन डेढ़ साल से सरकारी बंगले पर काबिज हैं। वही पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह भी बिना मंत्री पद के बड़े आवास में रह रहे हैं। भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भी सरकारी आवास खाली नहीं किया है।

# सांसद-विधायक को पुलिसकर्मियों से सैल्यूट कराना लोकतंत्र पर हमला

## डीजीपी के आदेश पर पीसीसी चीफ पटवारी ने वीडियो जारी कर कहा

इंदौर। कांग्रेस ने प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना के उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सांसदों और विधायकों को सैल्यूट करने के लिए कहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि पुलिस को जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा जाए न कि सत्ता के घमंड में पुलिस का मनोबल तोडने् का काम कराया जाए।

मोहन सरकार वर्दी को सम्मान और संसाधन दे। पटवारी ने इस आदेश को लोकतंत्र पर हमला और वर्दी का अपमान कहा है। उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जिस दिन यह आदेश मंजूर किया गया, उसी दिन प्रदेश की वर्दी को राजनीतिक गुलामी में धकेल दिया गया। उन्होंने सरकार से इस तरह का आदेश वापस लेने की मांग की है।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। यह आदेश जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों और संविधान की आत्मा जनता सर्वोच्च है का भी अपमान है। पटवारी ने कहा कि प्रदेशभर में रेत, शराब, भू-माफिया और ट्रांसपोर्ट सिंडिकेट खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।

पिछले 6 महीने में पुलिस पर हमले की दर्जनों घटनाएं, थानों पर हमले, जवानों को पीटना, राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों को बचाना जैसी अनेक घटनाओं ने पुलिस की साख पर सवाल खड़े किए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं, बच्चों और दलितों के खिलाफ अपराध में मध्य प्रदेश टॉप पर है। पटवारी ने भाजपा सरकार के निर्णय से असहमति जताते हुए कहा कि पुलिस का मनोबल पहले ही कमजोर है। वह एक ओर अपराधियों से लड़ रही है, तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं के दबाव से जूझ रही है। और अब यह आदेश उन्हें और भी कमजोर, झुका हुआ और भयभीत बना सकता है। पुलिस की निडर और निष्पक्ष कार्यप्रणाली में सत्ता दल के नेताओं का दखल बढ़ सकता है!

### किसी योग्य व्यक्ति को बनाएं गृहमंत्री

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश का सबसे असफल गृहमंत्री बताते हुए फिर से यह मांग की है कि उन्हें किसी योग्य व्यक्ति को गृह मंत्रालय का दायित्व देना चाहिए। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या यह निर्णय भाजपा नेताओं की मांग थी? यदि यह आदेश भाजपा नेताओं के दबाव में लिया गया है, तो यह स्पष्ट है कि भाजपा की मंशा पुलिस को स्वतंत्र नहीं, सत्ता का सेवक बनाना है।

उन्होंने राज्य सरकार से यह भी पूछा कि क्या भाजपा के सांसद-विधायक यह चाहते हैं कि पुलिस उन्हें विशेषाधिकार के तहत सलामी दे? क्या यह आदेश उनके अहंकार की तुष्टि के लिए लाया गया है?

# 5 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

## वित्त विभाग तैयार...मुख्यमंत्री से हरी झंडी मिलने का इंतजार

इंदौर। प्रदेश के 7 लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों का 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता सरकार जल्द बढ़ा सकती है। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 1 जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता देने का निर्णय हाल ही में लिया है।

सूत्रों का कहना है कि वित्त विभाग ने अपनी ओर से महंगाई भत्ता बढ़ाने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही एकमुश्त 5 प्रतिशत भत्ता बढ़ा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बजट में 64 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से विभागों के स्थापना व्यय में प्रविधान करके रखा गया है, जिससे वित्त के प्रबंधन में कोई परेशानी न हो।



प्रदेश के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। कर्मचारी संगठन लंबे से भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का महंगाई भत्ता 17 अप्रैल को जारी आदेश में एक जनवरी 2025 से 53 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है। जनवरी, फरवरी और मार्च का एरियर अप्रैल के वेतन में दिया जाएगा। उधर, राज्य के कर्मचारियों को अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। इसकी घोषणा भी अक्टूबर 2024 में की गई और 9 माह का एरियर तीन किस्तों में दिया गया। इस बीच केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों का दो बार महंगाई भत्ता बढ़ा दिया। इसका लाभ पेंशनरों को भी मिला।

### वाहन और दिव्यांग भत्ता बढ़ाने के आदेश नहीं हुए जारी

प्रदेश सरकार ने लंबे समय बाद कर्मचारियों के वर्षों से लंबित विभिन्न भत्ते बढ़ाने का निर्णय लिया है। कुछ भत्तों में वृद्धि के आदेश भी जारी हो गए पर सामान्य प्रशासन विभाग ने वाहन और दिव्यांग भत्ते में वृद्धि के अभी तक आदेश जारी नहीं किए हैं। जबकि, वित्त विभाग ने आदेश का प्रारूप तक उपलब्ध करा दिया है। सूत्रों का कहना है कि अब अगले सप्ताह दोनों भत्तों में वृद्धि के आदेश जारी करने की तैयारी हो गई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com